# हरिभूमि रायपुर भूमि



## महादेव घाट में पुल को छूने लगी खारुन नदी, एहतियात के लिए नौका विहार बंद

# सावन आया है...

## उफान पर खारुन का सौंदर्य

### आगे बढ़ गया सिस्टम, आज से कम होगी वर्षा संबंधित गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रातभर हुई बारिश के बाद सावन के पहले दिन खारुन नदी उफान पर आ गई। नदी का जल स्तर इतना बढ़ गया है कि वह महादेव घाट के पुल को छूने लगा है। इससे नदी का सौंदर्य तो बढ़ गया है, लेकिन सावधानी बरतते हुए महादेव घाट में नौका विहार पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। प्रदेशभर में शुक्रवार से वर्षा संबंधित गतिविधियां कम हो जाएंगी। सिस्टम के आगे बढ़ने के कारण यह स्थिति निर्मित होगी। गुरुवार को वर्षा का केंद्र ▶▶|शेष पेज 13 पर

### वर्षा का केंद्र रहेगा दक्षिण छग

गहरा अवदाब पश्चिम-मध्य छत्तीसगढ़ और उससे लगे विदर्भ तथा दक्षिण-पूर्व मध्यप्रदेश के ऊपर स्थित है। इसके अगले 12 घंटे में लगभग पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए तथा कमजोर होने की संभावना है। उसके बाद इसके पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए विदर्भ और उससे लगे दक्षिण मध्यप्रदेश की ओर अगले 24 घंटे में अवदाब के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है। मानसून ▶▶|शेष पेज 13 पर

---

### कचना, मोवा और सोनडोंगरी समेत कई श्मशानघाटों में पानी भरा

# शव दहन भी मुश्किल, महादेवघाट श्मशानघाट में घुटनों तक पानी

- कचना, मोवा और सोनडोंगरी समेत कई श्मशान घाटों में पानी भरा
- एक दिन में 7 अंतिम संस्कार हुए, अंतिम संस्कार के दूसरे दिन अस्थि एकत्रित करने कॉल, लॉकर में सुरक्षित रखवाया

शहर में पिछले चार दिनों से हो रही झमाझम बारिश से जहां शहर के कई इलाकों में जलभराव की समस्या सामने आई है, वहीं राजधानी सहित आउटर के वार्डों में स्थित मुक्तिधाम भी इससे अछूता नहीं रहे। महादेवघाट स्थित श्मशानघाट, मोवा श्मशानघाट, सोनडोंगरी और कचना के मुक्तिधाम में जलभराव होने से अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे लोग काफी परेशान हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

महादेवघाट के श्मशान घाट के दो अलग-अलग एंट्री पाइंट पर पानी भरने से वहां जाने वालों को घुटना भर पानी में चलकर अंतिम संस्कार स्थल पहुंचना पड़ा। स्थल पर भारी गंदगी तैरती हुई नजर आई। अंतिम संस्कार के लिए बनाए गए शेड के सामने पानी भरने की वजह से अस्थि संचय का काम प्रभावित रहा। मुक्तिधाम वालों ने संबंधित परिजनों को अंतिम संस्कार के दूसरे ही दिन उनके दिए मोबाइल नंबर पर कॉल कर महादेवघाट बुलवाकर अस्थि चुनकर वहां बनाए गए लॉकर में सुरक्षित रखवाया। दरअसल, शहर में तेज बारिश के चलते श्मसानघाट में पानी भर गया है, निकास नाली की समुचित व्यवस्था नहीं होने और शहर के आउटर में स्थित वार्डों के श्मशानघाट के आसपास अतिक्रमण होने से जल निकासी ▶▶|शेष पेज 13 पर



### कचना का श्मशानघाट डूबा निकासी की व्यवस्था ठप

जोन 9 के मोतीलाल नेहरु वार्ड में कचना स्थित श्मशानघाट में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से वहां चारों तरफ पानी भरा हुआ है। जलभराव से रही परेशानी के संबंध में जोन 9 में हुई समीक्षा बैठक में वार्ड पार्षद और जोन अध्यक्ष गोपेश साहू ने महापौर मीनल चौबे को समस्या से अवगत भी कराया है। उनका कहना है श्मशानघाट के आसपास पहले ▶▶|शेष पेज 13 पर

### महादेवघाट के श्मशानघाट की दोनों एंट्री लबालब

खारुन नदी से लगे महादेवघाट के श्मशान घाट में चिंगरी नाला के तरफ से ओवरफ्लो होकर गंदा पानी तेजी के साथ घुसने से श्मशानघाट के दोनों तरफ के एंट्री पाइंट में लबालब पानी भर गया है। घुटना भर से उपर पानी से होकर लोगों को श्मसानघाट के शेड तक पहुंचने की नौबत आई है। यहीं नहीं पहले जहां अंतिम संस्कार के बाद अस्थि चुनने के लिए तीन दिन का अंतराल रहता, उसकी जगह अब दाह संस्कार के दूसरे ही दिन संबंधितपरिजनों को उनके मोबाइल पर कॉल कर अस्थि संकलन करने बुलाया जा रहा है, ताकि इन अस्थियों को वहां बनाए गए लॉकर में सुरक्षित रखा जा सके। बुधवार को महादेवघाट के श्मशान घाट में 6 मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया। डगनिया, सुंदरनगर, चंगोराभाठा,भाठागांव से आए दिवंगत के परिजनों को गुरूवार की सुबह अस्थि संकलन के लिए बुलाया गया।



### युवा पहल ने रात जागकर फ्रीजर को रखा सुरक्षित

महादेवघाट में शव वाहन की व्यवस्था संभाल रहे युवा पहल के संस्थापक राहुल शर्मा ने बताया कि तेज बारिश की वजह से श्मसानघाट परिसर में बने युवा पहल के कक्ष में पूरी रात शव रखने के फ्रीजर को उपर उठाकर सुरक्षित रखने की मशक्कत करनी पड़ी। चूंकि इससे पहले भी मुक्तिधाम में दो बार जलभराव की वजह से वहां ▶▶|शेष पेज 13 पर

### मोवा के श्मशानघाट में नाले का पानी

डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड स्थित मोवा के लिए दलदलसिवनी के इंदिरा स्मृति वन के पास श्मशानघाट बना है, जहां लगाया गया शेड पूरी तरह जर्जर हो चुका है। नाले का गंदा पानी श्मशानघाट में भर जाता है। इससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। वार्ड पार्षद मोहन कुमार साहू ने बताया कि मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव भेजा गया है, स्वीकृति मिलते ही कार्य कराया जाएगा।

---

साक्ष्य मिलने पर गिरफ्तार

## पूर्ववर्ती सरकार का रसूखदार केके अब ईडी की गिरफ्त में

- नोएडा के कारोबारी को पांच सौ करोड़ रुपए का ठेका दिलाने का झांसा देकर की थी ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नोएडा के कारोबारी को पांच सौ करोड़ रुपए का ठेका दिलाने का झांसा देकर 15 करोड़ रुपए ठगी करने के आरोपी बिलासपुर निवासी केके श्रीवास्तव को ईडी ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पीएमएल कोर्ट में पेश कर ईडी ने पूछताछ करने रिमांड की मांग की, जिस पर 7 अगस्त तक की रिमांड मिली है। ठगी की रकम का मनी लांड्रिंग होने के साक्ष्य मिलने पर ईडी ने उसे गिरफ्तार किया है। पूर्ववर्ती सरकार में केके श्रीवास्तव बेहद प्रभावशाली था। वह कई बड़े नेताओं के संपर्क में था।

▶▶|शेष पेज 13 पर

### चार्जशीट में कई खुलासे हुए थे

केके श्रीवास्तव के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट में जब चार्जशीट पेश की थी, तब कई और चौंकाने वाले खुलासे हुए थे। चार्जशीट में पुलिस ने दावा किया था कि केके और उसके बेटे कंचन ने करोड़ों रुपए चीन और ऑस्ट्रेलिया में निवेश किए हैं। यह पैसा हवाला के माध्यम से भेजा गया है। दोनों के बैंक खातों की जांच में 441 करोड़ रुपए के लेन-देन का रिकॉर्ड मिला है। दोनों के मोबाइल की फॉरेंसिक जांच में पता चला है कि इन्होंने ऑनलाइन सट्टा एप महादेव बुक से जुड़ी मेस्टिजिक ▶▶|शेष पेज 13 पर

---

# रक्षाबंधन पर घर जाना होगा मुश्किल, कन्फर्म टिकट का संकट

### रायपुर से महानगरों की ओर जाने वाली प्रमुख ट्रेनों में अभी से लंबी वेटिंग, स्पेशल ट्रेन की मांग बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रक्षाबंधन पर्व में अभी करीब एक माह का समय बाकी है, लेकिन रायपुर से देश के प्रमुख शहरों के लिए जाने वाली ट्रेनों में अभी से कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल होने लगा है। त्योहार पर घर लौटने वाले यात्रियों ने समय रहते टिकट बुक कराना शुरू कर दिया है, जिसके कारण दिल्ली, मुंबई, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्यप्रदेश जाने वाली कई प्रमुख ट्रेनों में वेटिंग लगातार बढ़ रही है। स्लीपर कोच में कई ट्रेनों की वेटिंग 40 से 50 के पार पहुंच चुकी है। रेलवे के नियमों के अनुसार वेटिंग तय सीमा तक पहुंचने पर टिकट बुकिंग भी बंद हो जाती है। रेलवे के आरक्षण आंकड़ों के अनुसार रक्षाबंधन से एक-दो दिन पहले यानी 26 और 27 अगस्त की ट्रेनों में सबसे अधिक बुकिंग हुई है। दिल्ली, मुंबई, उत्तर प्रदेश और बिहार जाने वाली कई ▶▶|शेष पेज 13 पर



### मुंबई की ट्रेनों में भी सीटों के लिए मारामारी

मुंबई जाने वाली एलटीटी एक्सप्रेस, मुंबई-हावड़ा मेल, समता एक्सप्रेस और कुर्ला एक्सप्रेस में भी रक्षाबंधन से पहले की तारीखों पर वेटिंग शुरू हो गई है। खासकर 26 और 27 अगस्त की ट्रेनों में सबसे अधिक टिकट बुक हुए हैं। हालांकि इससे पहले की तारीखों में कुछ ट्रेनों में अभी कन्फर्म सीटें उपलब्ध हैं।

### दिल्ली रूट पर बढ़ा दबाव

रायपुर से दिल्ली जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 27 अगस्त के लिए स्लीपर में 26, थर्ड एसी में 12 और सेकेंड एसी में 6 वेटिंग दर्ज है। वहीं समता एक्सप्रेस में भी स्लीपर की वेटिंग 30 और थर्ड एसी में 15 तक पहुंच गई है।

### सारनाथ एक्सप्रेस में भी दबाव बढ़ा

*पटना और प्रयागराज जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस में भी दबाव बढ़ गया है। इस ट्रेन के स्लीपर कोच में वेटिंग 30 से अधिक, थर्ड एसी में 21 और सेकेंड एसी में 4 तक पहुंच गई है। हर साल रक्षाबंधन के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे स्पेशल ट्रेनें चलाता है, लेकिन इस बार अब तक ऐसी कोई घोषणा नहीं हुई है। यात्रियों को उम्मीद है कि जल्द ही प्रमुख रूटों पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।*











### गश्त के दौरान दो ड्रंक एंड ड्राइव, दो आर्म्स एक्ट की कार्रवाई

**रायपुर।** सेंट्रल जोन में रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों पर आर्म्स एक्ट कायम किया तथा दो वाहन चालकों पर ड्रंक एंड ड्राइव की कार्रवाई कर दो कारें जब्त की हैं। कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा देर रात संदिग्ध एवं बेवजह घूमने वाले लोगों पर निगरानी रखने के उद्देश्य से जोन के सभी थाना प्रभारी विशेष रात्रि चेकिंग अभियान चला रहे हैं। अभियान के दौरान कोतवाली क्षेत्र के बैजनाथपारा में पुलिस वाहन चालकों की जांच कर रही थी, इसी दौरान दो कार चालक नशे में कार चलाते पाए गए। वहीं गंज, मौदहापारा में संदिग्ध रूप से घूम रहे योगेश नायक, नवीन उर्फ बाबू उर्फ छोटू सामल की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से चाकू मिला।

### दो किलो गांजा बरामद दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो युवक के कब्जे से दो किलो गांजा जब्त किया है। दोनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई करते हुए उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। गांजा बेचने के आरोप में पुलिस ने देवारपारा निवासी गोलू कुलहरिया, सुजीत दिवरा को गिरफ्तार किया है।

## खबर संक्षेप



### सिंहदेव मेदांता अस्पताल में शिफ्ट, सीएम देखने पंहुचे

**रायपुर।** यूपी के पास एक सड़क हादसे में घायल हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव को गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। वे एक दिन पहले सड़क हादसे में घायल हुए थे, इसके बाद उन्हें झांसी के मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। श्री सिंहदेव के स्वास्थ्य के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री केदार कश्यप, राजनांदगांव के भाजपा सांसद संतोष पांडेय गुरुवार को मेदांता अस्पताल गए। बताया गया है कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की हालत स्थिर है। हादसे में उन्हें कमर और पैर में चोटें आई हैं।

### स्मार्ट मीटर पर संसद की बात छत्तीसगढ़ में भी लागू हो, भाजपा सांसद अपनी जिम्मेदारी निभाएं

**रायपुर।** पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मुद्दे पर केंद्र सरकार की घोषित नीति को छत्तीसगढ़ में भी लागू करने की मांग करते हुए प्रदेश के भाजपा सांसदों से इस विषय पर स्पष्ट पहल



करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, संसद में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अप्रैल 2026 में स्पष्ट किया था कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर किसी भी उपभोक्ता पर जबरन नहीं थोपे जा रहे हैं, और यह पूरी तरह वैकल्पिक व्यवस्था है और उपभोक्तओं की सहमति या अनुमति के बिना सामान्य बिजली मीटर को स्मार्ट मीटर में बदलना गैर कानूनी है। अकबर ने कहा, यदि संसद में केंद्र सरकार का यही आधिकारिक रुख है, तो छत्तीसगढ़ में भी उसी नीति का पालन होना चाहिए।

### छत्तीसगढ़ से हज-2027 के लिए 787 का चयन

**रायपुर।** हज 2027 के लिए आवेदकों का ऑनलाइन डिजिटल रेंडम चयन किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज बेग ने बताया कि, हज



कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा हज 2027 के लिए आवेदन करने वाले हज यात्रियों का, हज हाउस मुंबई में सेंट्रलाइज्ड मोड पर ऑनलाइन डिजिटल रेंडम सिलेक्शन 30 जुलाई को किया गया है। हज 2027 के लिए चयनित आवेदकों की सूची एवं प्रतीक्षा सूची हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि, हज-2027 के लिए राज्य से कुल 1028 हज आवेदकों के आवेदन प्राप्त हुए। हज-2027 के लिए राज्य से 787 कंफर्म एवं 241 प्रतीक्षा सूची के हज यात्रियों का चयन हज कमेटी ऑफ़ इंडिया द्वारा किया गया। सूची हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। कुर्राह में चयनित हुए हज आवेदकों द्वारा यात्रा की पहली किस्त राशि 1,52,300 रुपए प्रति आवेदक 10 अगस्त 2026 तक जमा कराई जाएगी।

# राज्य के अलग-अलग जिलों के 43 एसआई का प्रमोशन, पदोन्नति के बाद स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

पुलिस मुख्यालय ने गुरुवार को राज्य के अलग-अलग जिलों के 43 एसआई का प्रमोशन आदेश जारी किया है। जिन उप निरीक्षकों को प्रमोशन का लाभ मिला है। उनका विभाग ने स्थानांतरण आदेश जारी किया है। जिन सब इंस्पेक्टर का स्थानांतरण आदेश निकाला गया है, उनमें से आधा दर्जन एसआई रायपुर जिले के अलग-अलग थानों के साथ पुलिस मुख्यालय में पदस्थ हैं। .जिन



उप निरीक्षकों का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है, उनमें मुकेश सोरी एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट सेल में एसआई के पद पर पदस्थ हैं। उनका स्थानांतरण महासमुंद किया गया है। इसी तरह मनोज पटेल का स्थानांतरण मुख्यालय, रायपुर ग्रामीण विकाश कुमार देशमुख का स्थानांतरण सूरजपुर, विक्रांत कुमार सोन का रायपुर से जशपुर, मनीषकांत एसआईए में यथावत, कमलेश कुमार गुप्ता मुख्यालय से रायपुर ग्रामीण, राजश्री मौर्य पुलिस कमिश्नरेट में यथावत पोस्टिंग की गई है। नरेश साहू को कोण्डागांव से रायपुर ग्रामीण, आनंद सोनी का कोरिया से रायपुर पुलिस कमिश्नरेट, महेश साहू का गरियाबंद से रायपुर ग्रामीण, रुपेंद्र कुमार देवांगन का गरियाबंद से पुलिस मुख्यालय सीआईडी में स्थानांतरण किया गया है।



# पवित्र माटी और जल के कलश की आज राम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समरसता संकल्प अभियान के तहत वाराणसी से पवित्र माटी एवं जल लेकर निकला भाजपा का प्रतिनिधिमण्डल शुक्रवार को राजधानी पहुंचेगा। वाराणसी से लाई गई पवित्र माटी और जल के कलश की राम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना होगी। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं संत रविदास जयंती कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक अखिलेश सोनी ने बताया, संत रविदास के समरस समाज के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह पवित्र कलश अगले चरण में प्रदेश के सभी जिलों में जाएगा। श्री सोनी ने बताया, शुक्रवार को 12 बजे कलश बंजारी माता मंदिर रायपुर पहुंचेगा एवं शहर की प्रमुख स्थानों से होते हुए दोपहर 1 बजे यह यात्रा राजधानी रायपुर स्थित श्री राम मंदिर पहुंचेगी जहां साधु-संतों की उपस्थिति में पवित्र कलश, वाराणसी की माटी का विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया जाएगा। श्री राम मन्दिर में पूजन के पश्चात यह पवित्र कलश प्रदेश भाजपा के सभी संगठन जिलों में दर्शन एवं पूजन हेतु पहुंचाया जाएगा, ताकि पूरे प्रदेश में समरसता और सद्भाव का वातावरण निर्मित हो सके।

### कलश वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय होंगे शामिल

श्री सोनी ने बताया राम मंदिर में विशेष पूजा कार्यक्रम के पश्चात 4 अगस्त को पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में कलश वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के साधु-संत एवं विभिन्न समाजों के समाज प्रमुख उपस्थित रहेंगे। ये कलश प्रदेश के 36 संगठन जिला के जिलाध्यक्षों को सौंपे जाएंगे, जिसके बाद प्रदेश के 479 मण्डलों में कलश वितरण का कार्यक्रम होगा।

## स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा

# स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने पर भी विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए एचएलएल लाइफ केयर लिमिटेड के सहयोग से 1,051 स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक पैथोलॉजी जांच सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। हब एंड स्पोक मॉडल, आईटी आधारित रिपोर्टिंग प्रणाली एवं गुणवत्ता निगरानी व्यवस्था के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को भी विश्वसनीय और समयबद्ध जांच सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के सभी 10 मेडिकल कॉलेजों में पैरामेडिकल पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे। इससे स्वास्थ्य संस्थानों के लिए आवश्यक तकनीकी एवं पैरामेडिकल मानव संसाधन उपलब्ध होंगे तथा प्रदेश के युवाओं को स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगारोन्मुखी शिक्षा एवं प्रशिक्षण के नए अवसर प्राप्त होंगे।

संवाददाताओं से चर्चा में स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत अब तक 34.29 लाख से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है, जो लक्ष्य का करीब 99 प्रतिशत है। अभियान के दौरान मलेरिया, टीबी, सिकल सेल, कुष्ठ रोग और मुंह के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान कर इलाज शुरू किया गया। वहीं 60 हजार से अधिक गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बड़े अस्पतालों में रेफर किया गया। साथ ही 10,938 हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी और उपचार भी सुनिश्चित किया गया।

### प्रदेश के 10 मेडिकल कॉलेजों में 20 पैरा मेडिकल कोर्स शुरू होंगे



### 375 नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस

आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश में 375 नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस शुरू की गई हैं। जनवरी 2024 से जून 2026 के बीच इन एम्बुलेंसों के माध्यम से 6.50 लाख से अधिक लोगों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश के 1,051 स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक पैथोलॉजी जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों के लोगों को भी समय पर जांच की सुविधा मिल रही है।

### एनॉलॉग पनीर पर रोक

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने खाद्य सुरक्षा को लेकर भी सख्त रुख अपनाते हुए प्रदेश में एनॉलॉग पनीर के उपयोग एवं विक्रय पर प्रभावी प्रतिबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मलेरिया से एक भी मौत नहीं होने देंगे

उन्होंने कहा, प्रदेश सरकार का लक्ष्य मलेरिया से एक भी मौत नहीं होने देना है। स्वास्थ्य विभाग इसके लिए गांव-गांव पहुंचकर जांच, उपचार और जागरूकता अभियान चला रहा है। हाल ही में बस्तर में मलेरिया के कुछ मामले सामने आए हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग पूरी सतर्कता के साथ काम कर रहा है। मितानिन, एएनएम और स्वास्थ्य कर्मी गांव-गांव जाकर जांच और दवा वितरण के साथ लोगों को जागरूक कर रहे हैं। समय पर जांच और इलाज से मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लगातार प्रयासों के कारण बस्तर संभाग में मलेरिया पॉजिटिविटी दर 4.60 प्रतिशत से घटकर 0.48 प्रतिशत रह गई है। वहीं प्रदेश का वार्षिक परजीवी सूचकांक 5.21 से घटकर 0.90 हो गया है, जो मलेरिया नियंत्रण में बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# शिक्षा मंत्री यादव बोले- वीएसके एप की गड़बड़ियों को सुधारेंगे, किसी शिक्षक का वेतन नहीं कटेगा

## 85 प्रतिशत शिक्षक रोज लगाते हैं ऑनलाइन अटेंडेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा, शिक्षक संगठनों एवं शिक्षकों द्वारा वीएसके ऐप में आ रही तकनीकी त्रुटियों एवं गड़बड़ी संबंधी शिकायतों को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वीएसके ऐप में आने वाली तकनीकी समस्याओं के कारण किसी भी शिक्षक का वेतन नहीं काटा जाएगा।



शिक्षकों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों एवं तकनीकी टीम को वीएसके ऐप में आ रही सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। 15 अगस्त तक ऐप में आ रही तकनीकी खामियों का समाधान कर इसे पूरी तरह सुचारू बनाया जाएगा, ताकि शिक्षकों को बिना किसी परेशानी के अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की सुविधा मिल सके। शिक्षा मंत्री ने प्रदेश के शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, राज्य के लगभग 1 लाख 75 हजार शिक्षकों में से लगभग डेढ़ लाख शिक्षक लगभग 85 प्रतिशत शिक्षक प्रतिदिन वीएसके ऐप के माध्यम से अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। यह दर्शाता है कि प्रदेश के शिक्षक नई तकनीक को अपनाते हुए शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं आधुनिक बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रदेश के शिक्षक केवल शिक्षण कार्य ही नहीं, बल्कि डिजिटल व्यवस्था को सफल बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सरकार उनके इस सहयोग, अनुशासन और समर्पण का सम्मान करती है। शिक्षकों के सुझावों और अनुभवों के आधार पर वीएसके ऐप को और अधिक सरल, उपयोगी एवं प्रभावी बनाया जाएगा।

### तकनीकी समस्या की जानकारी अधिकारियों को दें

शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा, राज्य सरकार शिक्षकों के सम्मान, सुविधा और हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यदि किसी शिक्षक को तकनीकी कारणों से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने में कठिनाई आती है, तो उसके हितों की पूरी सुरक्षा की जाएगी। किसी भी शिक्षक को तकनीकी खामी का खामियाजा नहीं भुगतना पड़ेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे पूर्व की भांति वीएसके ऐप का उपयोग करते रहें तथा यदि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या या सुझाव हो तो उसे संबंधित अधिकारियों तक अवश्य पहुंचाएं।

# भाजयुमो का दो लाख युवाओं को सदस्य बनाने का अभियान

## 7 दिनों में 18 हजार से ज्यादा ने ली सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने बताया, भाजयुमो का प्रदेश में सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया है। प्रदेश में दो लाख युवाओं को सदस्य बनाया जाएगा। सात दिनों में 18 लाख से ज्यादा सदस्य बन गए हैं। सदस्यता अभियान का प्रारंभ दंतेवाड़ा से किया गया है। श्री टिकरिहा ने कहा, प्रदेश में 31 मार्च 2026 के बाद से नक्सली गतिविधियां पूरी तरह समाप्त हुई है। बस्तर संभाग के संवेदनशील क्षेत्र में युवाओं को अधिक-से-अधिक भाजपा की विचारधारा से जोड़कर उन्हें सदस्यता दिलाने का काम इस अभियान के माध्यम से किया जा रहा है, क्योंकि वहां पर पहले शासन-प्रशासन पहुंचा नहीं था। इसलिए युवा मोर्चा लगातार सदस्यता अभियान चलाकर



युवाओं को जोड़ रहा है। श्री टिकरिहा ने बताया बस्तर संभाग के सात जिलों में सभा करके युवाओं और मतदाताओं को जोड़ा गया है और ऑनलाइन प्रक्रिया चल रही है। 23 जुलाई से 20 सितंबर तक सदस्यता का यह महाअभियान चलेगा। अभियान की तिथिवार जानकारी देते हुए श्री टिकरिहा ने बताया, 5 अगस्त को सारंगढ़ बिलाईगढ़ में, 6 अगस्त को महासमुंद में, 7 अगस्त को गरियाबंद जिले में, 8 अगस्त को सरगुजा और 9 तारीख से लेकर 14 अगस्त तक सरगुजा संभाग के सभी 6 जिलों में युवा मोर्चा का कार्यक्रम है।

### द लोकल मेकर्स मार्केट का आयोजन आज से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ग्रामोद्योग विभाग के सहयोग से रायपुर स्थित द वाहे विधानसभा रोड में द लोकल मेकर्स मार्केट-2026 का आयोजन शुक्रवार से शुरू होने जा रहा है, जो 2 अगस्त तक चलेगा। ग्रामोद्योग विभाग यहां विशेष बस्तर पवेलियन की स्थापना करेगा, जिसमें बस्तर अंचल की विश्वप्रसिद्ध ढोकरा शिल्प, लौह शिल्प, काष्ठ शिल्प, जनजातीय कलाकृतियां एवं हाथकरघा बुनकरों का आकर्षक प्रदर्शन किया जाएगा। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से 80 से अधिक हस्तशिल्प उद्यमी एवं कलाकार भी हिस्सा लेंगे। इस मार्केट में ग्रामोद्योग विभाग 20 स्टाल लगाएगा, जिसके माध्यम से प्रदेश के शिल्पकारों को नए बाजार, संभावित खरीदारों एवं डिजाइन विशेषज्ञों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

# अगले साल तक प्रदेश में नए स्वरूप में 450 आश्रम-छात्रावास बनकर होंगे तैयार : सोनमणि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने गुरुवार को विभागीय योजनाओं और कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

श्री बोरा ने कहा कि यह गौरव की बात है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में वर्ष 2027 तक 450 नए आश्रम एवं छात्रावास भवन तैयार किए जाएंगे। जिससे दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रों के लाखों विद्यार्थियों को बेहतर आवासीय एवं शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी छह माह में 150 आश्रम-छात्रावास भवनों का निर्माण हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को समय पर



आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिल सके।उन्होंने बैठक में आश्रम-छात्रावासों में लगभग 1000 पोषण वाटिका उपवन माह सितम्बर तक पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। विभागीय समीक्षा में अधोसंरचना निर्माण और छात्रावासों के संचालन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की।

### समयबद्धता, संवेदनशीलता और गुणवत्ता पर रहेगा विशेष फोकस

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने समीक्षा के दौरान स्पष्ट किया कि विभाग की सभी योजनाओं का अंतिम उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं पहुंचाना है। इसके लिए अधोसंरचना निर्माण, छात्रावास संचालन, प्रशिक्षण, शिक्षा, पोषण और सांस्कृतिक विकास जैसे सभी आयामों पर समान रूप से ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सभी निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर बैठक में अंत्यावसायी वित्त एवं विकास निगम के एमडी डॉ. जगदीश सोनकर, आदिम जाति विकास विभाग के आयुक्त डी. राहुल वेंकट, टीआरटीआई की संचालक हिना अनिमेष नेताम, संयुक्त सचिव बी.के. राजपूत एवं अनुपम त्रिवेदी, अपर संचालक संजय गौड़ सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण की बैठक में बनी रणनीति

# गांव-गांव, घर-घर चलेगा स्मार्ट मीटर हटाओ जनआवेदन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण की मासिक बैठक गुरुवार को गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन में जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में स्मार्ट मीटर हटाओ–जनआवेदन अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई।

**हर मंडल के लिए प्रभारी नियुक्त**

बैठक में रायपुर ग्रामीण के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों एवं मंडल कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों से अभियान की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अब अभियान को गांव-गांव एवं घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ता आम जनता से स्मार्ट मीटर हटाने एवं पुराने बिजली मीटर पुनः लगाए जाने के संबंध में जनआवेदन प्राप्त करेंगे तथा उन्हें संबंधित सीएसईबी कार्यालय में जमा करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं को विभिन्न मंडलों का प्रभारी नियुक्त किया गया है, जो संबंधित क्षेत्रों में जाकर अभियान का संचालन करेंगे, आवेदन संग्रह की निगरानी करेंगे तथा अभियान की नियमित समीक्षा करेंगे।



### नियमित मॉनिटरिंग करें : बंजारे

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, रायपुर ग्रामीण जिले के प्रत्येक गांव और मंडल में स्मार्ट मीटर हटाओ–जनआवेदन अभियान पूरी ताकत के साथ चलाया जाएगा। सभी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित प्रवास कर अभियान को गति देंगे, घर-घर पहुंचकर जनआवेदन भरवाएंगे तथा उन्हें संबंधित सीएसईबी कार्यालय में जमा कराएंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी जनता पर थोपे जा रहे स्मार्ट मीटर, बढ़ते बिजली भार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगी।

### शासन तक आम लोगों की आवाज पहुंचाएं : डहरिया

पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा, स्मार्ट मीटर हटाओ–जनआवेदन अभियान को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, कार्यकर्ता जनता से सीधे संवाद करें, आवेदन भरवाएं और संबंधित सीएसईबी कार्यालयों में जमा कराएं, ताकि आम लोगों की आवाज शासन तक पहुंचे। स्मार्ट मीटर के साथ-साथ मंदिरों में चढ़ावे की कथित चोरी के मुद्दे को भी जनता के बीच ले जाना चाहिए, ताकि प्रदेश और देश की जनता जान सके कि भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति करती है, जबकि मंदिरों के चढ़ावे को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### सकल व्याधि का उपचार मानस में मिलेगा : वैद्यराज नंदलू साहू



**रायपुर।** मानस प्रेमी वैद्यराज नंदलू साहू का श्रीरामचरितमानस के प्रति अद्भुत प्रेम है। धमतरी के ग्राम गुजरा (डोमा) निवासी श्री साहू पंजीकृत बैद्य है और अनेक बीमारियों का जड़ी-बूटी से अचूक उपचार करते हैं। उन्होंने कहा कि सकल ब्याधियों का उपचार तुलसीकृत श्रीरामचरितमानस में है। उन्होंने कहा कि जीवन है तो बीमारियां भी है और उसका उपचार भी है। आज के दौर में भी जड़ी-बूटी से उपचार के प्रति लोगों का विश्वास बना हुआ हा। कई साध्य रोगों का उपचार जड़ी-बूटी से ही संभव है। उन्होंने कहा कि मानस के पाठ से कई ऐसी अनुभूतियां जीवन में हुई और उसी प्रेरणा से जड़ी-बूटियों का विशद ज्ञान हुआ है और उसी कृपा से उपचार का बेहतर परिणाम मिला है। उन्होंने बताया कि खुजली,गांठिया बात, फोड़ा, सिकलिन, पुराना सिरदर्द, सायाटिका, दमा और कर्मदर्द जैसी व्याधियों का जड़ी-बूटी से शर्तिया इलाज संभव है। आज के आधुनिक दौर में नाड़ी चिकित्सा प्रद्धति विलुप्ति की कगार पर है। इस विद्या को जीवंत बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय ने वैद्यों को संबल प्रदान किया है इससे वैद्यों को राहत मिली है।

### साइकिल डंपिंग की लापरवाही पर कांग्रेस ने दी सख्त चेतावनी



**धरसींवा।** दाऊ पोषण लाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला (परसतराई) को शिक्षा विभाग द्वारा डंपिंग स्थल बनाकर भूल जाने और विद्यार्थियों पर असुविधाओं का बोझ डालने के बाद, अब सरस्वती साइकिल योजना के नाम पर चल रही भारी धांधली को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। मामला उजागर होने के बाद दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे कांग्रेस नेताओं ने हुंकार भरते हुए साफ कर दिया है कि यदि दोषी अफसरों और उत्तर प्रदेश के संबंधित ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी शिक्षा विभाग के खिलाफ उग्र रुख अपनाकर सड़कों पर उतरेगी।

### उल्बा स्कूल में शौचालय निर्माण के लिए भूमिपूजन

**अभनपुर।** ग्राम पंचायत उल्बा में पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में विकसित भारत गारंटी ऑफ रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबीजी रामजी) योजना के तहत लगभग 7 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बालिका शौचालय का सरपंच नेहरू लाल साहू ने भूमि पूजन किया। इस अवसर पर सरपंच नेहरू लाल साहू ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## निधन

### एम आर साहू

**धरसींवा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरपोंगी पूर्व व्याख्याता एम आर साहू का 26 जुलाई को निधन हो गया है। ग्राम निनवा निवासी श्री साहू बचपन से ही विकलांग होने के बावजूद भी उन्होंने कभी अपनी हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने संस्कृत महाविद्यालय से गोल्ड मेडलिस्ट रहते हुए अपनी पढ़ाई पूरी की और व्याख्याता संस्कृत विषय के रूप में अपनी शासकीय सेवा प्रारंभ की।

**दीनदयाल चौक से हेमू कालानी चौक तक की सड़क सर्वाधिक जर्जर**

# भारी बारिश से लाखों की सड़कें बदहाल एक-एक फीट के गड्ढे और गिट्टियां उभरीं







हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा किसी भी शहर की पहचान उसकी सड़कें और सफाई व्यवस्था होती है। लेकिन तिल्दा-नेवरा की तस्वीर कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई सड़कें पहली ही बारिश में जवाब दे चुकी हैं। जगह-जगह एक-एक फीट गहरे गड्ढे, उखड़ी हुई सड़कें और रोज हादसों का खतर सवाल ये है कि आखिर जनता के टैक्स का पैसा गया कहां? ये गड्ढो वाली सड़क एक साल पहले लाखो रुपए खर्च कर बनाई गई थी .इसी तरह इस सड़क का निर्माण 10 महीने पहले कराया गया था, बारिश ने तिल्दा-नेवरा की इन सड़कों की असलियत सबके सामने ला दी है। कुछ महीने पहले सड़कों का निर्माण लाखों रुपये की लागत से हुआ था, आज उन्हीं सड़कों पर गिट्टी-बजरी बिखरी हुई है और डामर पूरी तरह गायब नजर आ रहा है। गड्ढे भी ऐसे की वाहन भूल से भी पानी भरे गड्ढे में गई तो तो फिर उसका भगवान ही मालिक है। दुर्गा मंदिर से सिंधी पंचायत भवन तक करीब आधा किलोमीटर की सड़क में सौ से अधिक बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं. वहीं दीनदयाल चौक से हेमू कालानी चौक तक भी सड़क की हालत बद से बदतर हो चुकी है। हर गुजरते वाहन के साथ हादसे का खतरा बढ़ता जा रहा है।

- दुर्गा मंदिर से सिंधी पंचायत भवन तक की सड़क में सौ से अधिक बड़े-बड़े गड्ढे बन

बारिश के पानी से भरे इन गड्ढों से गुजरना लोगों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। भारी वाहन जैसे ही गुजरते हैं, गंदा पानी राहगीरों के साथ-साथ दुकानों के अंदर तक पहुंच जाता है। दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है और राहगीर रोज परेशानियों का सामना कर रहे हैं।हालात इतने खराब हैं कि कई लोगों ने खुद ही गड्ढों में मुरूम और गिट्टी डालकर रास्ता समतल करने की कोशिश की है। कुछ दुकानदारों ने गड्ढों के आसपास पत्थर और बैरिकेड लगा दिए हैं, ताकि वाहन धीमी गति से गुजरें और दुर्घटनाएं टाली जा सकें।

### वार्ड 5 और 13 समेत कई इलाकों की सड़कें खस्ता

स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटिया निर्माण सामग्री के कारण सड़कें सात-आठ महीने में ही उखड़ गईं। वार्ड नंबर 5 और वार्ड नंबर 13 समेत कई इलाकों की सड़कों की हालत ऐसी है, मानो वर्षों से उनकी मरम्मत ही नहीं हुई हो। हर कदम पर गड्ढे हैं और हर मोड़ पर हादसे का खतरा। ऐसा नहीं की तिल्दा की ये सिर्फ दो तीन ही सड़के खराब अथवा जर्जर है शहर की अधिकांश सड़के खराब हो चुकी है, साथ ही सड़कों पर कचरा पड़ा दिखता है कई सड़के तो ऐसा लगता है कि ये सड़के सिर्फ कचरे के लिए ही बनाई गई है. हालांकि कचरा नगर पालिका नहीं बल्कि आसपास के रहने वाले लोग फेकते हैं फिर जानवर उस कचरे को फेला देते है ,,लेकिन कचरा फेकने वालो पर कोई कार्रवाई नहीं होती जिसके कारण सड़क कचरे से पटी रहती है।

### जिम्मेदारी तय की जाएगी : शर्मा

इधर नगर पालिका का कहना है कि बारिश के दौरान अस्थायी रूप से गड्ढों की मरम्मत कराई जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा के मुताबिक जिन ठेकेदारों ने निर्माण कार्य किया है, उनकी जिम्मेदारी तय करते हुए उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि बारिश के दौरान नालियों और सड़कों पर कचरा न फेंकें तथा सफाई कर्मचारियों का सहयोग करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की भी बात कही गई है।

### वार्ड एक की कॉलोनी में भरा पानी, लोग फंसे मुसीबत में

आरंग। क्षेत्र में पिछले दो-तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश ने नगर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी है। आरंग नगर के वार्ड क्रमांक-1 स्थित एक कॉलोनी में भारी जलभराव होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। कॉलोनी की सड़कें पानी में डूब गई हैं, वहीं कई घरों के सामने भी पानी जमा होने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। लगातार बारिश के कारण कॉलोनी में जगह-जगह पानी भर गया है। जलभराव से सबसे अधिक परेशानी बच्चों, विद्यार्थियों, महिलाओं और बुजुर्गों को हो रही है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हुई है। स्थानीय रहवासियों के मुताबिक, बारिश के दौरान कॉलोनी में जलभराव की समस्या नई नहीं है। हर साल बारिश के मौसम में ऐसी स्थिति बनती है। रहवासियों का कहना है कि जलभराव की समस्या को लेकर नगर पालिका प्रशासन से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। लगातार बारिश के कारण इस बार भी हालात बिगड़ गए हैं और लोगों को पानी के बीच से होकर आवागमन करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराने के साथ ही जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। रहवासियों का कहना है कि यदि समय रहते नालियों और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है। बारिश के चलते वार्ड क्रमांक-1 की इस कॉलोनी के अलावा नगर के अन्य हिस्सों में भी जलभराव की स्थिति सामने आ रही है। ऐसे में नगर की जल निकासी व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं।



# पूर्णिमा पर गूंजी गुरु की महिमा, गौरखेड़ा आश्रम में श्रद्धा और भक्ति का महासंगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

सद्गुरु कबीर सेना एवं सद्विप्र समाज सेवा के संयुक्त तत्वावधान में सद्गुरु धाम आश्रम, गौरखेड़ा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ भव्य रूप से मनाया गया। प्रदेशभर से पहुंचे संत-महात्माओं, पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में श्रद्धा अर्पित कर सनातन संस्कृति की गुरु-शिष्य परंपरा का स्मरण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश संरक्षक श्रीमती अदिति नेम सिंह बघमार के पावन सान्निध्य में मंगलाचरण, ध्यान-साधना, गुरु वंदना, भजन-कीर्तन, हवन-यज्ञ एवं महाप्रसाद के साथ हुआ। पूरे आयोजन में आध्यात्मिक वातावरण और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। अदिति बघमार ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा और उद्देश्य प्रदान करने वाले महान पथप्रदर्शक होते हैं। गुरु ही अज्ञान के अंधकार को दूर कर सत्य, सेवा



और संस्कार का प्रकाश हमारे जीवन में फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही व्यक्ति अपने जीवन को सफल, सार्थक और समाजोपयोगी बना सकता है। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान ईश्वर के समान माना गया है, क्योंकि गुरु ही हमें आत्मज्ञान, नैतिकता और मानवता का पाठ पढ़ाते हैं। उन्होंने सभी से गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और समर्पण का भाव बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, संस्कार और आध्यात्मिक जागरण का पावन अवसर है। गुरु का आशीर्वाद ही व्यक्ति के जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

सद्गुरु कबीर सेना के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप नायक ने कहा कि सनातन धर्म में गुरु का स्थान ईश्वर से भी श्रेष्ठ माना गया है। गुरु ही अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का अभी तक गुरु दीक्षा संस्कार नहीं हुआ है, वे गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अपनी माता का पूजन करें, क्योंकि माता ही जीवन की प्रथम गुरु होती हैं।

प्रदेश प्रवक्ता अनिल बघेल, प्रदेश सचिव टीकमचंद वर्मा एवं अभिषेक बंजारे ने बताया कि गुरु पूर्णिमा का यह महापर्व छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में भी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। प्रदेश विस्तारक राजेंद्र साहू, प्रदेश कबीर मित्र अशोक यादव, पाटन जिला अध्यक्ष सूर्योदय घृतलहरे, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष टूमन धीवर, महासमुंद से राजेंद्र वर्मा, मिलेंद्र, वीरेंद्र यादव सहित अनेक पदाधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर गुरु पूजन, सत्संग एवं सेवा कार्य आयोजित किए गए।

आध्यात्मिक आयोजन में साध्वी माँ अनंतेश्वरी, माँ शारदा, महात्मा रामकृष्ण, प्रदेश संरक्षक एवं पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल,सद्विप्र समाज सेवा के कोषाध्यक्ष महेंद्र वर्मा, पूर्व महिला अध्यक्ष माधुरी वर्मा, बेमेतरा जिला अध्यक्ष दिलेश निषाद, जिला महामंत्री शिव कटारिया, आरएसएस से कबीर मित्र संदीप वर्मा, विश्व हिंदू परिषद एवं दुर्गा वाहिनी से भारती सिंह, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, गजेंद्र वर्मा, कोपराम वर्मा, नूतन साहू, शंकर साहू सहित बड़ी संख्या में संत, समाजसेवी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। समापन अवसर पर प्रदेश संरक्षक एवं पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल ने सभी संत-महात्माओं, अतिथियों, पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए धर्म, समाज, राष्ट्र और मानवता के कल्याण की मंगलकामना के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति कराई।गुरु पूर्णिमा महोत्सव ने श्रद्धालुओं को गुरु-भक्ति, सेवा, संस्कार और सनातन संस्कृति के मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया।इस मौके पर भोजन भंडारा का आयोजन किया गया

# निसदा गांव में घुसा बाढ़ का पानी,13 परिवार के 48 लोगों को रेस्क्यू से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग।

लगातार हो रही भारी बारिश के चलते महानदी समेत क्षेत्र की नदी-नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। महानदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए निसदा डेम और समोदा डेम के कई गेट देर रात खोल दिए गए। इसके बाद निसदा डेम से लगे ग्राम निसदा में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया, जिससे कई परिवारों के घर पानी से घिर गए। बाढ़ की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन तत्काल सक्रिय हुआ और अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। प्रशासन ने एसडीआरएफ की टीम की मदद से बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का अभियान चलाया। एसडीएम अभिलाषा पैकरा के



अनुसार, अब तक 12 परिवारों के 42 सदस्यों को सुरक्षित निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा चुका है। वहीं, एक अन्य परिवार के 6 सदस्य अपने घर में चारों तरफ से बाढ़ के पानी से घिर गए थे। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी 6 सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला।

इस तरह निसदा गांव में बाढ़ की स्थिति के बीच कुल 13 परिवारों के 48 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। महानदी में लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन पहले से ही सतर्क था। संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रभावित और नदी किनारे बसे गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया गया था। प्रशासन द्वारा ग्रामीणों से सुरक्षित स्थानों पर जाने और नदी-नालों के आसपास नहीं जाने की अपील भी की गई थी।

# स्मार्ट मीटर हटाओ अभियान के लिए कांग्रेस की बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलयारी

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण की मासिक बैठक आज गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन में जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में स्मार्ट मीटर हटाओ–जनआवेदन अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई। बैठक में रायपुर ग्रामीण के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों एवं मंडल कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों से अभियान की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली गई। अभियान को और अधिक प्रभावी एवं तेज़ बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों के सुझाव प्राप्त किए गए तथा उनके सुझावों के आधार पर आगामी कार्ययोजना तय की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अब अभियान को गांव-गांव एवं घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ता आम जनता से स्मार्ट मीटर हटाने एवं पुराने बिजली मीटर पुनः लगाए जाने के संबंध में जनआवेदन प्राप्त करेंगे तथा उन्हें संबंधित सीएसईबी कार्यालय में जमा करेंगे। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक मंडल की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं को विभिन्न मंडलों का प्रभारी नियुक्त किया गया है, जो संबंधित क्षेत्रों में जाकर अभियान का संचालन करेंगे, जनआवेदन संग्रह की निगरानी करेंगे तथा अभियान की नियमित समीक्षा करेंगे।

### अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाएं

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि स्मार्ट मीटर हटाओ–जनआवेदन अभियान को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा कि रायपुर ग्रामीण जिले के प्रत्येक गांव और प्रत्येक मंडल में स्मार्ट मीटर हटाओ–जनआवेदन अभियान पूरी ताकत के साथ चलाया जाएगा। जिला पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं को मंडलवार जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं।

### बैठक में शामिल हुए

बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष पाठ्य पुस्तका निगम शैलेश नितिन त्रिवेदी , पूर्व जिला अध्यक्ष ऊधो राम वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, पीसीसी सचिव गण प्रवीण साहू, लोकेश साहू जयंत साहू भावेश बघेल,बिरगांव महापौर नंदलाल, इकराम अहमद सूदन सिकली शिव साहू रुक्मणी राजू सिन्हा अविनाश नियाल टिकेश्वर बंदे मंदिर हसौद नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी, जिला पंचायत सदस्यगण प्रतिनिधि गण लोकमानी कोसले उपस्थित थे।




**बच्चों और युवाओं में सेना के प्रति सम्मान, राष्ट्रप्रेम की भावना बढ़ेगी**

# सीमा के वीरों को भाजपा महिला मोर्चा ने भेजी राखियां व छग की माटी

हिरभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों के प्रति सम्मान, स्नेह और कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन सिपाही रक्षा-सूत्र अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा तिल्दा शहर मंडल ने सैनिक भाइयों के लिए रक्षा-सूत्र (राखियां), बच्चों द्वारा लिखे गए भावनात्मक पत्र एवं छत्तीसगढ़ की पावन माटी जिला महामंत्री एवं जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा को सौंपकर राष्ट्रभक्ति का प्रेरणादायी संदेश दिया।

भाजपा महिला मोर्चा तिल्दा शहर मंडल की अध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक-21 की पार्षद श्रीमती रानी सौरभ जैन के नेतृत्व में तिल्दा-नेवरा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-




छात्राओं ने अपने हाथों से राखियां तैयार कीं। बच्चों ने सैनिकों के नाम भावनात्मक और प्रेरणादायी संदेश भी लिखे, जिन्हें छत्तीसगढ़ की पावन माटी के साथ अभियान के तहत देश की सीमाओं पर भेजा जाएगा। इस अवसर पर श्रीमती रानी सौरभ जैन ने कहा कि देश की सीमाओं पर तैनात सैनिक अपने परिवार से दूर रहकर दिन-रात राष्ट्र की सुरक्षा में जुटे रहते हैं। ऐसे वीर जवानों तक बहनों के स्नेह, बच्चों के प्रेम और मातृभूमि की पावन माटी पहुंचाना पूरे समाज के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल रक्षा-सूत्र भेजने तक सीमित नहीं है, बल्कि सैनिकों के प्रति पूरे समाज की भावनाओं और सम्मान का प्रतीक है। जिला महामंत्री एवं जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा ने इस राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों और युवाओं में सेना के प्रति सम्मान, राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यबोध की भावना को और अधिक मजबूत करते हैं। अभियान के तहत एकत्रित सभी रक्षा-सूत्र, पत्र और छत्तीसगढ़ की पावन माटी जल्द ही देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों तक पहुंचाई जाएगी। रक्षा बंधन के पावन पर्व से पहले शुरू किया गया यह अभियान तिल्दा-नेवरा से सीमा पर डटे वीर जवानों तक प्रेम, सम्मान और राष्ट्रभक्ति का अनूठा संदेश पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रहा है।

## खबर संक्षेप



### शहीद हेमू कालाणी समिति ने अधिकारियों से की मुलाकात

**रायपुर।** अमर शहीद हेमू कालाणी समिति के प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जोन क्रमांक-2 नगर निगम के कमिश्नर संतोष पाण्डेय एवं कार्यपालन अभियंता पीडी घृतलहरे से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने इन अधिकारियों से अमर शहीद हेमू कालाणी चौक पर सौदर्यीकरण एवं आदमकद मूर्ति लगाने में विलंब होने के कारणों के संबंध में चर्चा की, जिस पर जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय ने आए हुए प्रतिनिधिमंडल को कार्य कर रहे ठेकेदार से चर्चा करने के बाद आश्वस्त किया एवं पूरा भरोसा दिलाया कि 1 या 2 दिन के भीतर ही कार्य ठेकेदार द्वारा शुरू किया जाएगा। इस चर्चा बाद प्रतिनिधिमंडल ने आश्वस्त होकर संबंधित अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। यह जानकारी वीर अमर शहीद हेमू कालाणी समिति के अध्यक्ष किशोर आहूजा, मीडिया प्रभारी भरत पमनानी ने देते हुए बताया कि मुलाकात करने वालों समिति के महासचिव प्रेम बिरनानी, पूर्व महासचिव लक्ष्मण जगवानी, संयोजक अनेश बजाज, भरत पमनानी आदि उपस्थित थे।

### महापौर मीनल ने ली जोन कमिश्नरों की ऑनलाइन मीटिंग



**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने गुरुवार को अपने व्यस्त शेड्यूल के बीच सभी जोन कमिश्नरों की ऑनलाइन बैठक लेते हुए गुरुवार से शुरू हुए सावन के पवित्र माह के दौरान राजधानी में शिव भक्तों द्वारा निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा वाले मार्गो पर खुले में मांस के विक्रय पर तत्काल रोक लगाते हुए इस पर कड़ाई बरतने के निर्देश दिए। ऑनलाइन बैठक में महापौर मीनल चौबे ने कहा कि लाखे नगर चौक से महादेवघाट रायपुरा जाने वाले मार्ग की सावन के इस महीने में प्रतिदिन मॉनिटरिंग हो। महापौर ने जोन कमिश्नरों से कहा है कि शहर के किसी भी मुक्तिधाम परिसर में बारिश के दौरान जलभराव होने पर तत्काल वहां पहुंचकर जलभराव की समस्या को दूर करने त्वरित कदम उठाएं।

# अंडों पर सावन की मार, कम हो गया 30 फीसदी कारोबार, दाम भी घटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में सावन से पहले अंडों ने भाव खाया था, लेकिन सावन के प्रारंभ होते ही अंडों पर सावन की मार पड़ी है। अब पोल्ट्री में जहां दाम 5.75 रुपए हो गए हैं, वहीं चिल्हर में इसके दाम 7 रुपए हो गए हैं। एक दर्जन लेने पर अब 80 रुपए लग रहे हैं। सावन से पहले एक दर्जन के दाम 100 रुपए तक चले गए थे। अब तो डिमांड भी तीस फीसदी कम हो गई है। यह स्थिति एक माह रहने वाली है। बचे अंडों का स्टॉक अब कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ेगा। रोज 25 लाख अंडों का स्टॉक बच रहा है।

छत्तीसगढ़ की गिनती देश के अंडों का ज्यादा उत्पादन करने वाले राज्यों में होती है। अपने प्रदेश में रोज 80 लाख अंडों का उत्पादन होता है। इसमें से 45 से 50 फीसदी अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं, बाकी अंडों की खपत अपने राज्य में होती है। गर्मी के समय में जब खपत कम हो जाती है तब बहुत परेशानी होती है। ऐसे में उत्पादन कम करना पड़ता है। गर्मी के कारण इस बार भी अब तक अंडों का उत्पादन रोज 20 लाख कम हो गया था, लेकिन अब उत्पादन पूरा हो रहा है।

### पोल्ट्री में दाम 5.75 रुपए और चिल्हर में सात रुपए



### 25 लाख अंडे कम बिक रहे

*प्रदेश के साथ ही बाहर के राज्यों में अंडों का जाना कम हो गया है। पोल्ट्री कारोबारियों के मुताबिक इस समय तीस फीसदी खपत कम हो गई है। यानी रोज करीब 25 लाख अंडे कम बिक रहे हैं। सामान्य समय में रोज 80 लाख अंडों की खपत होती है। खपत कम होने के कारण दाम में भी कमी आई है। आने वाले समय में दाम कुछ और कम हो सकते हैं।*

**खपत कम होने से दाम घटे**

*सावन में अंडों की डिमांड कम हो गई है। प्रदेश के साथ बाहर के राज्यों में जाना कम होने से पोल्टी में दाम 5.75 रुपए हो गए हैं। सावन से पहले ये दाम सात रुपए थे।*

**धनराज बैनर्जी, पोल्ट्री फार्म कारोबारी**

## राज्य स्तरीय कार्यशाला में 100 महिला सरपंच हुईं शामिल

# नल-जल परियोजनाएं पूरी होने के बाद पंचायतों को सौंपी जाएंगी: साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि जल आपूर्ति के लिए उपयोग हो रहे जल स्त्रोतों की देखभाल और सावधानीपूर्वक उपयोग जरूरी है। इसके टिकाऊपन पर ही योजना की दीर्घकालीन सफलता निर्भर है। उन्होंने कहा कि नल जल योजनाओं के काम पूर्ण होने तथा पंचायतों को इसके हस्तांतरण के बाद इसका संचालन व संधारण ग्राम पंचायतों को करना है। जल जीवन मिशन हमारे घर और हमारे गांव के लिए योजना है। ग्राम पंचायतों को गांव वालों के साथ मिलकर जल आपूर्ति की व्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाना है।श्री साव ने यह बात जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल प्रमाणित गांवों की महिला सरपंचों के लिए ग्रामीण पाइपलाइन जल आपूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव पर राज्य स्तरीय कार्यशाला में कही। उन्होंने नवा रायपुर स्थित राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यशाला में महिला सरपंचों को संबोधित किया।

श्री साव ने जल स्तर बनाए रखने तथा भू-जल स्त्रोतों को रिचार्ज करने स्टॉपडैम बनाने और बारिश के पानी को संग्रहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी के प्राकृतिक बहाव के अवरोधों व अतिक्रमणों को हटाकर तालाबों को अच्छे से भरने की व्यवस्था सभी गांवों को करना चाहिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा यूनिसेफ और एसीई संस्था के सहयोग से इस एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इसमें करीब 100 महिला सरपंच शामिल हुईं।

### रायपुर निगम को मिलेंगे 10 करोड़ जलभराव की समस्या दूर करने पर जोर



*राजधानी में जलभराव सहित अन्य जन समस्याओं को दूर करने रायपुर नगर निगम को जल्द ही 10 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि मिलेगी। महापौर मीनल चौबे के नेतृत्व में गुरुवार को पार्षदों और एल्डरमैन ने उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर विकास कार्यो को लेकर चर्चा की।*

कार्यशाला

### सरपंचों ने अनुभव किए साझा

में हर घर जल प्रमाणित गांवों में नल जल योजनाओं के संचालन, संधारण और मरम्मत पर व्यापक विचार-विमर्श और बेस्ट प्रेक्टिसेस पर गहन चर्चा की गई। महिला सरपंचों ने इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत अपनी-अपनी पंचायतों में जल आपूर्ति की व्यवस्था तथा नल जल योजना के संचालन-संधारण के अनुभव साझा किए। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने महिला सरपंचों को नल जल योजनाओं के सफल, निर्बाध और दीर्घकालीन संचालन के गुर बताए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान की निदेशक रूबी मुखर्जी और यूनिसेफ की जल एवं स्वच्छता विशेषज्ञ श्वेता पटनायक ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता केके मरकाम और अधीक्षण अभियंता समीर गौड़ भी कार्यशाला में मौजूद थे।

# सॉ मिल में ट्रकों में मिले प्रतिबंधित कौहा, सरई लकड़ी के गोले

## वन विभाग ने सॉ मिल को किया सील, कोरबा में एफआईआर के बाद मामला सामने आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वनमंडल रायपुर के अभनपुर के एक सॉ मिल में विभागीय अधिकारियों ने छापा मारकर कई ट्रक प्रतिबंधित इमारती लकड़ी के गोले जब्त किए हैं। छापे की कार्रवाई करीब एक सप्ताह पूर्व की गई है, लेकिन विभागीय अधिकारी अब तक मेजरमेंट पूरा नहीं होने की बात कह कर जब्ती को लेकर कुछ बताने से बच रहे हैं। इस संबंध में नवा रायपुर के रेंजर से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि जांच प्रतिवेदन आने के बाद वे कुछ बता पाएंगे। ऐसे में कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

छापे की कार्रवाई एक सप्ताह पूर्व हुकुमचंद शर्मा सॉ मिल में की गई थी। सॉ मिल के संचालक ने बिलासपुर की एक पार्टी से बगैर टीपी के तीन से चार ट्रक लकड़ी के गोले खरीदे थे। इसकी जानकारी मिलने पर रायपुर डीएफओ लोकनाथ पटेल ने एक जांच टीम बनाई। जांच टीम मौके पर जाकर लगातार तीन से चार दिन तक कार्रवाई करती रही। बताया जा रहा है, दस्तावेजों में महज एक ट्रक प्रतिबंधित इमारती लकड़ी के गोले जब्ती शो किया गया है। इसके पूर्व रायपुर में प्रतिबंधित खैर लकड़ी के गोला जब्ती का प्रकरण सामने आया था। उस प्रकरण की जांच तीन दिन में कंपलीट कर यार्ड से खैर लकड़ी के सभी गोले जब्त कर वन विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया था।

### जब्ती में सिर्फ एक ट्रक लकड़ी के गोले दर्शाया



### कोरबा में एफआईआर के बाद कार्रवाई

कोरबा में सीएसईबी की राजस्व जमीन में सरई के दो सौ के करीब पेड़ थे। उन पेड़ों को विभाग ने अनुमति लेकर ठेकेदार के माध्यम से कटवाया। ठेकेदार ने अभनपुर के सॉ मिल संचालक से संपर्क कर सराई लकड़ी के गोला बेचने सौदा तय किया। इसके बाद 15 जुलाई को सॉ मिल में लकड़ी के गोले खाली किए गए। लकड़ी गायब होने की जानकारी मिलने पर सीएसईबी के अधिकारियों ने इसकी शिकायत 17 जुलाई को कोरबा थाने में दर्ज कराई।

### सौ साल पुराने सरई के पेड़

सॉ मिल में जो लकड़ी के गोले जब्त किए गए हैं, वह सौ साल पुराने पेड़ों के थे। कोरबा में एफआईआर दर्ज होने और टीम द्वारा छापा मारने आने की जानकारी मिलने के बाद सॉ मिल संचालक आनन-फानन में सभी लकड़ी के गोले को किसी अन्य जगह ठिकाने लगाने ले जा रहा था। इस बीच वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर दो ट्रैक्टर लकड़ी के गोले की जब्ती की। बताया जा रहा है, उस सॉ मिल में सराई लकड़ी के गोले के अलावा भारी मात्रा में प्रतिबंधित कहुआ लकड़ी के गोला रखे हुए हैं। इस पूरे प्रकरण में रायपुर डीएफओ ने प्रकरण की जांच कंपलीट होने के बाद वैधानिक कार्रवाई करने की बात कही है। फिलहाल मिल को सील कर दिया गया है।

## पेज 11 के शेष

### सावन आया है... उफान ....

दक्षिणी छग रहा। उत्तर और मध्य हिस्से में हल्के से मध्यम बारिश ही हुई। राजधानी रायपुर में खंड वर्षा की स्थिति निर्मित हुई। सुबह से देर शाम तक करीब एक सेमी बारिश रिकॉर्ड हुई। रायपुर में दिन और रात का तापमान बादलों के कारण लगभग एक समान ही रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री कम 23.6 डिग्री तथा अधिकतम तापमान सामान्य से 1.9 डिग्री कम 28.4 डिग्री दर्ज किया गया। सर्वाधिक गर्म 30 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ बिलासपुर रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान पेंड्रा में 21.4 डिग्री दर्ज किया गया।

### वर्षा का केंद्र ....

द्रोणिका जैसलमेर, रायसेन, गहरा अवदाब के केंद्र, गोपालपुर और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर मध्य बंगाल की खाड़ी तक, 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। आज अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात की आशंका भी मौसम विभाग ने जताई है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

### शव दहन भी ....

की व्यवस्था प्रभावित हुई है। दिवंगत के अंतिम संस्कार के लिए जलभराव के बीच कठिन परिस्थितियों से उनके परिजनों को गुजरना पड़ रहा है। बारिश के कारण उत्पन्न इस स्थिति ने श्मशानघाट जैसे संवेदनशील जगह पर बाधा खड़ी कर दी है।

**0 7 साल से डूब रहा महादेवघाट का श्मशानघाट:** जानकारों का कहना है जोन 8 क्षेत्र स्थित रायपुरा के महादेवघाट स्थित श्मशान घाट में पिछले 7 साल से जलभराव की स्थिति देखी जा रही है। इस बीच नगर निगम में महापौर और आयुक्त बदल गए फिर भी जलभराव की समस्या दूर नहीं हो पाई।

**झुरमुट के बीच सोनडोंगरी का श्मशानघाट, सड़क जर्जर:** नगर निगम जोन 8 के पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड स्थित सोनडोंगरी के श्मशानघाट में जल निकासी के लिए नालियां नहीं बनने से जलभराव की समस्या उत्पन्न हुई है। लोगों को अंतिम संस्कार के लिए कच्चे और उबड़खाबड़ वाले रास्ते से होकर आना- जाना पड़ता है। अंतिम संस्कार में पहुंचने वालों के बैठने के लिए न बैठने की व्यवस्था है न ही बारिश व गर्मी से बचने का इंतजाम। बारिश में भीगते हुए लोगों को अंतिम संस्कार क्रिया पूरी होने का इंतजार करना पड़ता है। वार्ड पार्षद भगतराम हरवंश ने जोन के माध्यम से श्मसानघाट सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति के लिए भिजवाया है, जिसकी अभी स्वीकृति नहीं मिल पाई है।

### कचना का श्मशानघाट डूबा .....

खुली जमीन थी जिसमें से होकर बारिश का पानी आसानी से निकल जाता था। पर बाद में बिल्डरों द्वारा प्लाटिंग कर वहां निर्माण के दौरा श्मशानघाट की जमीन पर अतिक्रमण होने से गंदे पानी के निकासी बाधित हुई है। पानी निकासी के लिए नाली भी नहीं बनाई गई। मुक्तिधाम में पक्के शेड और पीने के पानी की भी व्यवस्था भी नगर निगम नहीं कर पाया है।

### युवा पहल ने ...

रखे फ्रीजर डूबने की नौबत आई, वाटर कूलर भी इससे खराब हो गए थे। श्री शर्मा ने श्मशान घाट में जलभराव की समस्या से महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त को अवगत करा दिया है।

### पूर्ववर्ती सरकार का ....

इसका फायदा उठाते हुए उसने नोएडा की रावत एसोसिएट कंपनी के मालिक अर्जुन सिंह को स्मार्ट सिटी के तहत 500 करोड़ का ठेका दिलाने का झांसा दिया और उनसे 15 करोड़ रुपए ले लिए। तेलीबांधा थाना में एफआईआर होने पर केके अपने बेटे कंचन को साथ लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने लंबी जांच के बाद पिछले वर्ष 24 जून को केके को भोपाल से गिरफ्तार किया।

### चार्जशीट में कई ....

कंपनी में भी निवेश किया है। दिल्ली के कारोबारी से ठगी की रकम को केके ने अपने कर्मचारी के अकाउंट में 10 से 17 जुलाई के बीच ट्रांसफर कराया था।

### रक्षाबंधन पर घर ....

ट्रेनों में कन्फर्म सीटें तेजी से भर रही हैं। यात्रियों का कहना है कि यदि जल्द ही अतिरिक्त ट्रेनों की घोषणा नहीं हुई, तो त्योहार पर घर पहुंचना मुश्किल हो सकता है।

**भोपाल के लिए अमरकंटक में राहत, समता में लंबी वेटिंग:** भोपाल जाने वाले यात्रियों के लिए फिलहाल अमरकंटक एक्सप्रेस में सीटें उपलब्ध हैं, लेकिन समता एक्सप्रेस में स्लीपर की वेटिंग 57 और थर्ड एसी की वेटिंग 35 तक पहुंच चुकी है। यात्रियों का मानना है कि अगले कुछ दिनों में अमरकंटक एक्सप्रेस में भी वेटिंग तेजी से बढ़ सकती है।

## बिजनेस साइट

### एएसए एडवरटाइजिंग को आईओएए ओओएच पॉवरहाउस गोल्ड अवार्ड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की अग्रणी विज्ञापन संस्था एएसए एडवरटाइजिंग प्रा. लि. ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए इंडियन आउटडोर एडवरटाइजिंग एजेंसी एसोसिएशन के आउटडोर एडवरटाइजिंग कन्वेंशन 2026, गोवा में प्रतिष्ठित आईओएए ओओएच पावरहाउस गोल्ड अवार्ड (ईस्ट रीजन) अपने नाम किया है। देशभर की 32 प्रमुख आउटडोर मीडिया कंपनियों के बीच बहु-स्तरीय मूल्यांकन के बाद संस्था को यह सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया। गोल्ड कैटेगरी उन संस्थाओं को दी जाती है, जिन्होंने मीडिया स्वामित्व, परिचालन उत्कृष्टता, नवाचार, आधुनिक तकनीक के उपयोग और भविष्य उन्मुख निवेश जैसे मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो। 11 सदस्यीय राष्ट्रीय जूरी ने विभिन्न तकनीकी एवं व्यावसायिक मानकों पर मूल्यांकन के बाद एएसए एडवरटाइजिंग को विजेता घोषित किया। संस्था के निदेशक आशीष अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मान पाँच दशकों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और नवाचार की राष्ट्रीय मान्यता है। उन्होंने कहा कि इससे छत्तीसगढ़ के आउटडोर मीडिया उद्योग की विश्वसनीयता बढ़ेगी और राज्य में राष्ट्रीय स्तर के विज्ञापन निवेश व नए व्यावसायिक अवसरों को गति मिलेगी।



### स्पाइन सर्जन डॉ. वेंकटेश दसारी को 'आरोग्यम हेल्थकेयर अवॉर्ड' से सम्मान



**रायपुर।** सप्तगिरी हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं प्रख्यात स्पाइन सर्जन डॉ. वेंकटेश दसारी को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'आरोग्यम हेल्थकेयर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। डॉ. दसारी ने अब तक 1200 से अधिक सफल स्पाइन सर्जरी कर मरीजों को नई जिंदगी दी है। वे छत्तीसगढ़ के सबसे युवा स्पाइन सर्जनों में शामिल हैं और आधुनिक तकनीकों के जरिए जटिल रीढ़ संबंधी रोगों का उपचार कर रहे हैं। सम्मान मिलने पर उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरी सप्तगिरी हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम, स्टाफ और उन मरीजों की है, जिन्होंने उन पर भरोसा जताया। उन्होंने प्रदेशवासियों को रायपुर में ही महानगरों जैसी अत्याधुनिक स्पाइन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई। अस्पताल प्रबंधन ने इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि भविष्य में भी मरीजों को विश्वस्तरीय, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

### संजीवनी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में बिना बड़ा चीरा लगाए अन्ननली कैंसर की सफल सर्जरी

**रायपुर।** संजीवनी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने कैंसर उपचार के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल करते हुए मध्य भारत में पहली बार अन्ननली (इसोफेगस) के कैंसर की पूर्णतः मिनिमली इनवेसिव 3-फील्ड वीडियो-असिस्टेड थोराकोस्कोपिक सर्जरी मैककियोन इसोफेजेक्टॉमी सफलतापूर्वक की है। इस सर्जरी की खासियत यह रही कि मरीज के सीने और पेट में बड़ा चीरा नहीं लगाया गया। जटिल ऑपरेशन कैंसर सर्जन डॉ. कल्याण पांडेय और डॉ. विवेक पटेल ने विशेषज्ञ टीम के साथ किया। मरीज पहले कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी ले चुका था। सर्जरी में छाती की डिसेक्शन वीडियो-असिस्टेड थोराकोस्कोपिक सर्जरी तथा पेट का ऑपरेशन 3डी लैप्रोस्कोपिक तकनीक से किया गया, जबकि पूरे स्पेसिमेन को गर्दन के छोटे चीरे से निकाला गया। विशेषज्ञों के अनुसार इस तकनीक से दर्द, संक्रमण, निमोनिया, रक्तस्राव और अन्य जटिलताओं का खतरा कम होता है तथा मरीज तेजी से स्वस्थ होता है। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. यूसुफ मेमन ने कहा कि संस्थान का लक्ष्य मध्य भारत के मरीजों को महानगरों जैसी अत्याधुनिक कैंसर उपचार सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है।




कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला रायपुर

**आम सूचना**

जारी दिनांक 24.07.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मुजगहन प.ह.नं. 82 रा.नि.मं. रायपुर- 18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक दिलीप कुमार पिता शिवदयाल शर्मा निवासी रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 46/41 रकबा 0.0140 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर रा.प्र.क्रं. - /अ-12/ वर्ष 2026 आदेश दिनांक 16.07.2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 11.08.2026 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-18 रायपुर



कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला रायपुर

**आम सूचना**

जारी दिनांक 24.07.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मुजगहन प.ह.नं. 82 रा.नि.मं. रायपुर- 18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक गणेश कुमार जैन पिता छगनलाल चोपड़ा निवासी नगरी धमतरी द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 46/25 रकबा 0.0140 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर रा.प्र.क्रं. - /अ-12/ वर्ष 2026 आदेश दिनांक 16.07.2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 11.08.2026 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-18 रायपुर



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल आवास योजना, आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में आबंटित स्वतंत्र भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू. एस. - 928 को श्री सैय्यद इस्माइल अली पिता स्व. श्री केजू मिया के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर कार्यालयीन के आबंटन आदेश क्रमांक 1568 दिनांक 07.09.2013 के द्वारा आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पुर्ण राशि भुगतान कर उप पंजीयन कार्यालय आरंग रायपुर में भवन का लीजडीड (पट्टा विलेख) की कार्यवाही दिनांक 26.08.2020 को पूर्ण कर संपदा कार्यालय से आधिपत्य आदेश क्रमांक 182 दिनांक 31.01.2024 के द्वारा ग्रहण किया गया है। वर्तमान श्री सैय्यद इस्माइल अली पिता - स्व. श्री केजू मिया, निवासी- क्वाटर नं.- 24, ब्लॉक नं.-10, स्टार वेली सोसायटी, चंदन विहार कालोनी, भाटागांव, रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्रीमति पूजा यादव पति श्री मनीष चन्द्र यदु, निवासी- ग्राम व पो.आ. मोहरेंगा, थाना - खरोरा तहसील - तिल्दा, जिला - रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल आवास योजना, आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में आबंटित स्वतंत्र भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू. एस. - 928 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मंडल प्रक्षेत्र - नवा रायपुर अटल नगर



**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जगदेवनाथ सोनकर पिता स्व. होरीलाल सोनकर निवासी नाका चौक, भाठागाँव, वार्ड नं. 61, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के रहने वाले ने विक्रेता तबस्सुम बानो पति मोहम्मद अब्दुल जावेद, निवासी मकान नं.1667, वार्ड नं. 02, बकरा मार्केट, साहू किराना स्टोर के बाजू, ताज गली, संजय नगर, टिकरापारा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) वाले की स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा नं. 477/1, रकबा 0.1100 हेक्टेयर भूमि जो वाके मौजा ग्राम रेवली प.ह.नं. 00001, रा.नि.मं. अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग को क्रय करने का सौदा कर अग्रिम राशि अदा कर दिया गया है अब केवल विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) पंजीयन की कार्यवाही शेष है। अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था बैंक, निगम शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, बोर्ड प्राधिकरण, निगम आदि को किसी भी प्रकार की उजर, दावा, आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करे एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र मे स्वीकार नही किया जायेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक-
स्थान- रायपुर

भवदीय
रितेश सिंह ठाकुर (अधिवक्ता)
पता- सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 99073 11788



**--:: आम-सूचना ::--**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेतागण श्री अलखराम, चंपा, चमेली, रेखा, लता, मंजू, सुकिरिति बाई हेमलता, रूखमणी सभी पिता श्री रामबगस जाति ठेठवार निवासी-मुजगहन, रायपुर, तह. व जिला-रायपुर छ.ग. के शामिलात आधिपत्य व स्वामित्व की कृषि भूमि जो वाके मौजा ग्राम-मुजगहन, प.ह.नं. 82, रा.नि.मं. रायपुर-18-कांदुल, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 59/1 रकबा 0.9300 हे. खसरा नंबर 67/1 रकबा 1.0070 हे. खसरा नंबर 67/4 रकबा 0.5060 हे. खसरा नंबर 222/1 रकबा 0.0400 हे. भूमि को क्रय किए जाने का पक्का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन किया जा चुका है तथा ब्याना की राशि प्राप्त करने के अलावा अलग अलग तारीखो में राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त करते रहे है तथा नेट बैंकिंग के माध्यम से राशि उक्त विक्रेतागण के द्वारा प्राप्त की गई, मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है। कुछ आपसी विवाद के कारण उक्त इकरारशुदा संपत्ति के संबंध में छत्तीसगढ़ माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.) एवं न्यायालय सिविल कोर्ट रायपुर में लंबित प्रकरण में इकरारशुदा संपत्ति के किसी भी प्रकार के संविदा पर रोक लगाई गई है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था को यह सूचित किया जाता है कि उक्त वर्णित इकरारशुदा भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का सौदा या कोई लेन देन न करे तथा किसी भी प्रकार का सौदा लेन देन मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी एवं माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना होगी। अतः सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक - 30/07/2026

भवदीय
भूवन लाल साहू, विजय प्रताप सिंह
अधिवक्तागण, आफिस-चौरसिया कॉलोनी रोड,मानसपुरम, संतोषी नगर, रायपुर
मो.नं. 9329169874, 9806161000



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT • बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी • किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज • प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज • यौन संबंधी समस्याएं • महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जोन-4 अध्यक्ष के बेटे के खिलाफ कोतवाली थाने में मारपीट का अपराध दर्ज

**रायपुर।** कोतवाली थाना में जोन-4 अध्यक्ष मुरली शर्मा के बेटे के खिलाफ जोन आयुक्त के ड्राइवर ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। ड्राइवर के साथ मारपीट की घटना गुरुवार की है। रिपोर्ट दर्ज कराने के पूर्व निगम के कर्मचारी, अधिकारी महापौर मीनल चौबे से मिलने निगम मुख्यालय पहुंचे थे। मारपीट का कारण जोन अध्यक्ष के साथ तीन से चार दिन पूर्व किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इस बात को लेकर जोन अध्यक्ष के बेटे ने मारपीट की। योगेंद्र साहू ने अनिल शर्मा के खिलाफ मारपीट करने, गाली-गलौज करने की शिकायत दर्ज कराई है। वह प्लेसमेंट एजेंसी की तरफ से जोन आयुक्त की कार का चालक है। मारपीट की घटना से व्यथित ड्राइवर ने अपने अन्य साथी-कर्मचारियों के पास शिकायत की। ड्राइवर के साथ मारपीट की घटना से निगम के कर्मचारी, अधिकारी नाराज हैं। उन लोगों ने निगम प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि ऐसे असुरक्षा के माहौल में उनका काम करना मुश्किल है। निगम प्रशासन उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसकी व्यवस्था बनाने की बात कही।

### पूर्व सैनिकों के लिए विशेष समाधान शिविर 3 को

**रायपुर।** मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री रेजिमेंट द्वारा पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राष्ट्रव्यापी आउटरीच कार्यक्रम मिशन निरंतर मिलाप 1.0 चलाया जा रहा है। इस मिशन के चौथे चरण के तहत 3 अगस्त को शास्त्री चौक रायपुर स्थित जिला सैनिक कल्याण दफ्तर में विशेष शिविर लगेगा, जो सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि इस शिविर में पेंशन से संबंधित शिकायतों और विसंगतियां, स्पर्श पोर्टल से जुड़ी तकनीकी और पेंशन समस्याएं, सेवानिवृत्ति लाभ और अन्य सैन्य भत्तों से संबंधित जानकारी एवं पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की अन्य शिकायतों संबंधी सम्याओं का समाधान किया जाएगा। इस शिविर में रायपुर के अलावा धमतरी, बलौदा बाजार, महासमुन्द और गरियाबंद क्षेत्र के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रित लाभ उठा सकते है।

# ...तो सामूहिक हड़ताल पर जाएंगे जूडो, दिल्ली में 1.5 लाख रुपए स्टाइपेंड, छग में आधा भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर में जूनियर डॉक्टर एक बार फिर हड़ताल में जाने की तैयारी में हैं। मामला स्टाइपेंड वृद्धि संबंधित है। गुरुवार को जूनियर डॉक्टर्स ने काला रिबन लगाकर कार्य किया। उन्होंने अपनी 17 सूत्रीय मांगें प्रशासन को सौंपी हैं। इनमें सबसे प्रमुख स्टाइपेंड वृद्धि है।

एमबीबीएस इंटर्न्स और पीजी डॉक्टर्स ने कहा है कि यदि एक सप्ताह में उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे प्रदेशभर में सामूहिक कार्य बहिष्कार करेंगे तथा हड़ताल पर चले जाएंगे। छत्तीसगढ़ के एमबीबीएस इंटर्न्स का स्टाइपेंड अन्य राज्यों के अनुरूप बढ़ाने के साथ समान कार्य के लिए समान स्टाइपेंड के सिद्धांत को लागू करने की मांग भी रखी गई है। ना केवल राजधानी रायपुर बल्कि प्रदेशभर के शासकीय मेडिकल कॉलेजों के एमबीबीएस इंटर्न्स ने ब्लैक रिबन लगाकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अपनी ड्यूटी भी पूरी की। उन्होंने कहा, उनका उद्देश्य चिकित्सा सेवाओं को बाधित करना नहीं, बल्कि अपनी न्यायोचित मांगों को शासन तक पहुंचाना है। प्रदर्शन के दौरान अस्पताल परिसर के बाहर इंटर्न्स ने बैनर एवं पोस्टर के साथ समूह फोटो लेकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित की।

- काला रिबन बांधकर गुरुवार को किया प्रदर्शन, इंटर्न को मिलते हैं 15 हजार रुपए
- अंतिम बार 2023 में बढ़ाई गई थी स्टाइपेंड की राशि



### अधिकारियों के समक्ष रख चुके मांग

इंटर्न्स ने बताया कि वे पूर्व में भी कई बार माननीय मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी मांग रख चुके हैं, किंतु अब तक इस संबंध में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। यदि आगामी एक सप्ताह के भीतर इस संबंध में कोई ठोस एवं सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो प्रदेशभर के एमबीबीएस इंटर्न्स अपने आंदोलन के अगले चरण के तहत सामूहिक हड़ताल एवं कार्य बहिष्कार का मार्ग अपनाएंगे।

### इंटर्न्स को मिल रहे 15,900 रुपए प्रतिमाह

वर्तमान में छत्तीसगढ़ के एमबीबीएस इंटर्न्स को मात्र 15,900 प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाता है, जो देश के अनेक राज्यों की तुलना में काफी कम है। इंटर्न्स को कम से कम 35 हजार रुपए देने की मांग जूडो कर रहे हैं। वहीं पीजी डॉक्टर्स को प्रथम वर्ष में 67,500 रुपए, द्वितीय वर्ष में 71 हजार तथा तृतीय वर्ष में 74,300 रुपए मिल रहे हैं। दिल्ली में पीजी डॉक्टर्स को 1.5 लाख रुपए प्रदान किए जाते हैं। प्रदेश में कम से कम 1.20 लाख रुपए देने की मांग की जा रही है।

## मवेशियों के जमावड़े से लगातार सड़क दुर्घटनाएं

# आप का 'टोल हटाओ या गाय हटाओ' अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम आदमी पार्टी ने गाय हटाओ या टोल हटाओ अभियान के तहत एनएच सहित सड़कों पर मवेशियों के जमावड़े को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पार्टी का कहना है कि जिले में नेशनल हाईवे और प्रमुख मार्गों पर दिन-रात मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं।

- संबंधित विभाग के दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी पार्टी ने की

कई लोगों की जान जा चुकी है और अनेक लोग घायल हो चुके हैं, बावजूद इसके प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। नेशनल हाईवे सहित जिले की प्रमुख सड़कों पर आवारा मवेशियों के जमावड़े से लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। किसानों की फसलों को भी इससे भारी नुकसान हो रहा है। आम आदमी पार्टी ने मांग करते हुए कहा, नेशनल हाईवे एवं प्रमुख सड़कों से तत्काल मवेशियों को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। नगर पालिका एवं नगर पंचायत स्तर पर मवेशियों के लिए समुचित गौशालाओं व आश्रय स्थलों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा अवारा मवेशियों, ब्लैक स्पाट व घटिया मुरुम से हुए गड्ढे के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं के लिए जवाबदेही तय करते हुए संबंधित विभाग के दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी पार्टी ने की है।



### उच्च न्यायालय भी कर चुका टिप्पणी

पार्टी सदस्यों ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी इस विषय पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा गया है कि यदि नेशनल हाईवे से जानवरों को नहीं हटाया जा सकता तो टोल टैक्स वसूली का कोई औचित्य नहीं रह जाता। यह टिप्पणी राज्य शासन और प्रशासन के लिए एक गंभीर चेतावनी है। इसके बावजूद छत्तीसगढ़ में स्थिति जस की तस बनी हुई है। वहीं सड़कों पर चिह्नित ब्लैक स्पाट और सड़कों के किनारे घटिया मुरुम के चलते पानी भरे गड्ढे में गिरकर लोग जख्मी हो रहे या अपनी जान तक गंवा रहे हैं, जो सरकार की लापरवाही को उजागर करता है। इसके साथ ही किसानों की चिंता का मुद्दा भी उठाते हुए कहा गया कि खुले में घूम रहे मवेशी किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। अनुषा जोसेफ़, सागर क्षीरसागर, पुनारद निषाद, महेन्द्र बिसेन इस दौरान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# संत गुरु रविदास की जयंती मनाने भाजपा पार्षद दल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी जिला रायपुर द्वारा एकात्म परिसर स्थित जिला कार्यालय में गुरुवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं तैयारियों को लेकर रायपुर नगर निगम भाजपा पार्षद दल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने बताया कि संत गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो 20 फरवरी तक होगा। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई को आयोजित होने वाली कलश यात्रा तथा 4 अगस्त को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित समस्त जिलों के लिए कलश वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने पार्षद दल समाज के सभी वर्गों के लोगों को आमंत्रित कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित करे। श्री सोनी ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संत रविदास के समरसता, समानता एवं सामाजिक सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता शंकरलाल अग्रवाल, रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे ,नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर , भाजपा पार्षद दल के सचेतक आशु चंद्रवंशी सहितपार्षदगण एवं एल्डरमैन उपस्थित रहे।











हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 31 जुलाई 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

2

भौंरा, गेड़ी और गिल्ली-डंडा बांटी से....

## लाइव इवेंट

### इसरो में साइंटिस्ट और इंजीनियर के पदों पर निकली भर्ती, 17 अगस्त तक मौका

**रायपुर।** रायपुर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में बतौर साइंटिस्ट एवं इंजीनियर के पदों पर सरकारी नौकरी का सपना देखने वाले उम्मीदवारों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। इसरो में साइंटिस्ट एवं इंजीनियर के पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इस भर्ती अभियान के जरिये इसरो में कुल 92 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों पर आवेदन करने की लास्ट डेट 17 अगस्त, 2026 निर्धारित की गई है। साइंटिस्ट एवं इंजीनियर के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास भारत के किसी मान्यत प्राप्त संस्थान से बीई, बीटेक या अन्य निर्धारित पात्रताएं होनी चाहिए। इस भर्ती के लिए वे उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र होंगे। जिनके पास गेट परीक्षा का स्कोरकार्ड है। उम्मीदवारों की आयु-की गणना 17 अगस्त, 2026 के आधार पर की जाएगी। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की आयु 28 वर्ष निर्धारित की गई है। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी।



#### आवेदन शुल्क 250 रुपए निर्धारित

साइंटिस्ट एवं इंजीनियर के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करना अनिवार्य है। अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 250 रुपये निर्धारित है। इसके अलावा, महिला, एससी एवं एसटी व दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क में छूट दी गई है।इस पद पर चयनित किए गए उम्मीदवारों को प्रतिमाह 56,100 रुपये प्रदान किया जाएगा। इसरो में साइंटिस्ट और इंजीनियर के पदों पर भर्ती की जा रही है। उम्मीदवारों की सहायता के लिए यहां ऑनलाइन आवेदन करने के निम्नलिखित स्टेप्स बताए गए हैं। उम्मीदवार इन स्टेप्स को फॉलो करके आवेदन प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं।

#### एनटीए ने निकाली यंग प्रोफेशनल पदों पर भर्ती

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से यंग प्रोफेशनल पदों पर भर्ती निकाली गई है। नोटिफिकेशन के मुताबिक इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 25 जुलाई से स्टार्ट हो गई है। फॉर्म अधिसूचना जारी होने के 30 दिनों के अंदर जमा किया जा सकता है। आपको बता दें कि इस भर्ती में आवेदन **E-mail** द्वारा किया जा सकता है। फॉर्म के साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों को ईमेल आईडी **dir-admin<\@>nta.gov.in** पर भेजना होगा।

राजधानी के पुलिस परेड ग्राउंड में 80वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारी शुरू

# स्वतंत्रता समारोह की तैयारी में जुटे जवान, घुड़सवारी डॉग स्क्वाड दल के हैरतअंगेज करतब होंगे आकर्षण



**रायपुर।** इसके साथ ही कांकेर जिले से सेना का स्पेशल घुड़सवारी दल और राज्य की स्पेशल डॉग स्क्वाड दल के हैरतअंगेज करतब परेड में उपस्थित नागरिक को रोमांचित करेगा। राजधानी रायपुर के पुलिस ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस परेड की व्यवस्था प्रभारियों ने बताया कि समारोह में अलग-अलग फोर्स के जवान प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। पुलिस जवानों के कदमताल के अलावा स्कूली बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुतियां होंगी, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस तरह से 80 वां स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास व शान से मनाने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस विभाग द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड में जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। घुड़सवारी व डॉग स्क्वार्ड दल 2 अगस्त से शामिल होंगे।

पुलिस विभाग ने पुलिस ग्राउंड में 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाने परेड की तैयारी शुरू कर दी है। स्वतंत्रता दिवस परेड अभ्यास में 14 दलों के 300 से अधिक जवान अभ्यास में जुट गए हैं। समारोह में राज्य के पुलिस जवानों का कदमताल विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। स्वतंत्रता दिवस परेड में प्रत्येक दल में 27 जवान शामिल हैं। इस प्रकार स्वतंत्रता दिवस सलामी परेड में 18 दल के लगभग 450 से अधिक जवान कदमताल करते नजर आएंगे। हर वर्ष की तरह इस बार भी परेड में हमारे वीर जवानों का अदम्य साहस, शौर्य का प्रदर्शन, देशप्रेम व सेवा का संचार करेगा।



#### 3 अगस्त को फुल ड्रेस रिहर्सल

30 जुलाई से पुलिस परेड ग्राउंड में जवानों की टुकड़ी स्वतंत्रता दिवस परेड की तैयारी में जुट गई है। यह तैयारी 13 अगस्त तक चलेगी। 13 अगस्त को परेड की अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। इसके एक दिन बाद सीधे 15 अगस्त को जवानों का दल स्वतंत्रता दिवस परेड में मार्च पास्ट करने उतरेगा। जहां अपने साहस व शौर्य का प्रदर्शन करते हुए परेड को विधिवत सलामी देगी।

#### इन सेनाओं के दल परेड में होंगे शामिल

बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल महिला व पुरुष के जवान, घुड़सवार दल, डॉग स्क्वाड दल, जेल पुलिस पुरुष दल, नगर सेना महिला व पुरुष दल, सीआरपीएफ, जिला बल, पुलिस बैंड वाइपर महिला व पुरुष, बुगुलर दल पुरुष, एनसीसी कैडेट्स सहित कुल 18 दल स्वतंत्रता दिवस परेड में मार्च पास्ट कर सलामी में हिस्सा लेंगे।

#### विभाग करेंगे पदक वितरण

समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं नक्सली हिंसा में शहीद हुए जवानों के परिजन सम्मानपूर्वक आमंत्रित रहेंगे। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा पदक व पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस को लेकर मिनट टू मिनट कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। सुबह 9 बजे से समारोह प्रारंभ होगा, जो दोपहर 1 बजे तक चलेगा।

#### देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुति

स्वतंत्रता दिवस पर्व को लेकर छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति आधारित समूह-नृत्य एवं गायन प्रस्तुत किए जाएंगे। स्कूली बच्चों के कार्यक्रमों के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जूरी का गठन किया जाएगा और कार्यक्रम स्थल पर ही पुरस्कार वितरण होगा। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं नगर निगम आयुक्त रायपुर को स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह व्यवस्था के संबंध में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।



## सिटी इवेंट

### दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की पहल एनआईटी में जागरूकता कार्यक्रम



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में गुरुवार से दिव्यांगजनों के लिए दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं, रोजगार के अवसरों, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता से जोड़ते हुए समावेशी समाज की अवधारणा को मजबूत करना है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमणा राव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने कहा कि संस्थान दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें सुगम वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि एनआईटी परिसर में दिव्यांगजनों के लिए सुगम अधोसंरचना विकसित की गई है। उन्होंने कार्यक्रम की थीम 'एम्पावरिंग एबिलिटीज' की सराहना करते हुए कहा कि समाज को दिव्यांगता को सीमा नहीं, बल्कि क्षमता के अलग स्वरूप के रूप में स्वीकार करना चाहिए।विशिष्ट अतिथि एवं नेशनल करियर सर्विस सेंटर फॉर डिफरेंटली एबल्ड के सहायक निदेशक (रोजगार) डॉ. सुरेश कुमार कुशवाह ने कहा कि दिव्यांगजनों के प्रति समाज का दृष्टिकोण अब दया से अधिकार और समान अवसर की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों को अपनी क्षमताओं को पहचानकर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।




#### चुनौती व्यक्ति की शारीरिक स्थिति नहीं

कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. बुनिल कुमार बलाबांत्रे ने स्वागत भाषण में कहा कि समावेशिता, गरिमा और समान अवसर प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। वहीं कुलसचिव डॉ. नरेंद्र डी. लोंढे ने दिव्यांगजनों के लिए जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रतिभागियों का स्वागत किया। उद्घाटन सत्र का समापन डॉ. सत्य ईश्वरी जुज्जावरपु के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।उद्घाटन के बाद आयोजित तकनीकी सत्र में डॉ. रमणा राव ने दिव्यांगता के मेडिकल और सोशल मॉडल के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि वास्तविक चुनौती व्यक्ति की शारीरिक स्थिति नहीं, बल्कि समाज और अधोसंरचना में मौजूद बाधाएं हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के यूएनसीआरपीडी और दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए गैर-भेदभाव, सुगम्यता, समावेशिता, शिक्षा, रोजगार और सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत आरक्षण जैसे प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की।

## फेस्टिवल फैशन में डिजाइनर साड़ियां और गोटा-पत्ती वर्क वाले अनारकली सूट बन रहे गर्ल्स-वुमन्स की पहली पसंद

**रायपुर।** सिटी यूथ में मानसून और फेस्टिव वियर फैशन स्टाइल का जबर्दस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। शहर के फैशन हाउसेस व कपड़ा बाजार में सीजनल फैशन वियर्स की भारी डिमांड हो रही है। इस सीजन में गर्ल्स के बीच सबसे अधिक ट्रेंडी वियर्स में कॉर्ड सेट, हैंडक्रॉफ्टेड एथनिक वियर और पेस्टल शेड्स के कुर्ती सेट शामिल है। प्रमुख फैशन ट्रेंड्सकॉर्ड सेट और कैजुअल वियर में मॉडर्न और आरामदायक लुक के लिए प्रीमियम एम्ब्रॉयडरी वाले कॉर्ड सेट और लाइटवेट ट्रेंडी आउटफिट्स कॉलेज जाने वाली लड़कियों और वर्किंग महिलाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। फेस्टिव और ट्रेडिशनल वियर की बात करें तो हरियाली तीज और रक्षाबंधन को ध्यान में रखते हुए पारंपरिक कारीगरी, हल्के लहंगे, डिजाइनर साड़ियां और गोटा-पत्ती वर्क वाले अनारकली सूट बाजारों में छाए हुए हैं। पेस्टल और फ्लोरल डिजाइन में मानसून सीजन के लिए आरामदायक फैब्रिक पर सॉफ्ट पेस्टल कलर्स जैसे टील ब्लू, मिंट ग्रीन, पीच और फ्लोरल प्रिंट काफी पसंद किए जा रहे हैं। शहर के फैशन बाजारों में मानसून और आगामी त्योहारों का नया स्टॉक आ चुका है। मुख्य शॉपिंग डेस्टिनेशंस में पंडरी मार्केट और मालवीय रोड फैशन हाउसेस में खरीदारी करने लोग पहुंच रहे हैं।





#### मौसम के अनुकूल फैशन वियर्स कलेक्शन

शहर के होटलों में सीजन के अनुरूम फैशन लाइफस्टाइल एग्जीबिशन भी शुरू हो चुके हैं। जहां की विशेष फैशन प्रदर्शनियों में डिजाइनर ड्रेसेज और हैंडक्रॉफ्टेड फैशन की धूम है। इन जगहों पर गर्ल्स-ब्वॉयज, वुमन्स खास मौके जैसे तीज-त्योहार या कैजुअल वियर के लिए आउटफिट ढूंढ रहे हैं। फैशन लाइफस्टाइल का अहम हिस्सा है, जिसको लेकर हर सीजन में लोग अपने पसंद व मौसम के अनुकूल फैशन वियर्स सलेक्ट कर रहे हैं।

## सावन के रंग सीता के संग कार्यक्रम कल

**रायपुर।** मारुति मंगलम गुढ़ियारी में 1 अगस्त को सावन के रंग सीता के संग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक सिनी श्रीकुमार एवं ममता टावरी ने बताया कि कार्यक्रम का उदघाटन वन बंधु परिषद की मीडिया प्रभारी कविता राठी द्वारा किया जाएगा। आयोजक ममता टावरी ने बताया कि यह शहरवासियों के एक दिवसीय मेगा प्रदर्शनी सहित मस्ती और मनोरंजन का केंद्र बनेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में लघु उद्योग संचालित करने वाली महिलाओं द्वारा डिजाइनर राखियां, लहंगे, साड़ी, ज्वेलरी सहित कान्हा पोशाक, मिठाई और गिफ्ट का शानदार कलेक्शन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों के लिए ड्रॉइंग प्रतियोगिता एवं निशुल्क तंबोला गेम आयोजित किया जा रहा है। आयोजक सिनी श्रीकुमार ने बताया कि कार्यक्रम से एकत्रित होने वाली राशि का उपयोग जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए किया जाएगा। संस्था का उद्देश्य शिक्षा में बच्चों की मदद कर समाजसेवा का एक सार्थक प्रयास करना है।

**गुढ़ियारी में महिलाओं का मेगा मेला**

ब्राइट फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब ऑफ रायपुर के मंच से 101 लोगों ने किया अंगदान की घोषणा

# युवाओं में देहदान को लेकर बढ़ी जागरूकता 18 से लेकर 25 साल तक के डोनर आ रहे आगे

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** ह्यमन आर्गन डोनेशन को लेकर खासकर युवाओं में जागरूकता देखने को मिल रही है। शहर के 18 से 25 साल के युवा इस पुनीत कार्य के लिए आगे आ रहे हैं। युवा से लेकर बुजुर्ग तक देहदान के महत्व का समझते हुए डोनेशन का संकल्प ले रहे हैं। वहीं देहदान को लेकर लोग को प्रेरित व जागरुक करने कई सामजिक संगठन व चिकित्सा संस्थान भी इसमें अपना योगदान निभा रहे हैं। ब्राइट फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब ऑफ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 101 लोगों ने अंगदान का संकल्प लिया है। इसमें युवा से लेकर बुजुर्ग सभी वर्ग के लोग शामिल हैं। ब्राइट फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ने बताया, शहर में देहदान को लेकर पिछले 10 सालों में लोगों में काफी जागरूकता देखने को मिली है। इसमें युवाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इनमें कॉलेज स्टूडेंट्स सबसे आगे हैं। इस पहल से चिकित्सा के क्षेत्र में भविष्य के डॉक्टरों को अध्ययन एवं अनुसंधान हेतु सहयोग प्राप्त होगा। वहीं एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो व्यक्तियों के अंधेरे जीवन में रोशनी आएगी। रोटरी क्लब की अध्यक्ष डॉ. प्रीता लाल ने कहा कि आत्मा अमर है, कुछ भ्रांतियां हैं, जिसे दूर करने की आवश्यकता है। हमें अपनी सोच बदलनी पड़ेगी। मृत्यु के बाद भी हमारा शरीर किसी के काम आ सके, इसके लिए आमजन आगे आना चाहिए।







#### देहदान की प्रक्रिया व लाभ

शहर के जाने माने चिकित्सक डॉ. मानिक चटर्जी ने देहदान और नेत्रदान की प्रक्रिया व उसके फायदे के बारे में बताते हैं कि दानदाताओं को देते हुए उनके प्रश्नों और जिज्ञासाओं से उनको सरल व सहज शब्दों में अपनी बात रखकर उन्हें जागरूक किया जा सकता है। देहदान व नेत्रदान के लिए कुल, जो 101 दानदाताओं ने घोषणा पत्र प्रस्तुत किए हैं। वह अंगदान के प्रति लोगों में बढ़ी जागरूकता को दर्शाता है और यह समाज के लिए एक अच्छा निर्णय है।

#### इन्होंने लिया अंगदान का प्रण

शहर के 18 वर्षीय कशिश बोरकर एवं 25 वर्षीय आंचल शर्मा ने अंगदान कर युवाओं को प्रेरित करने का काम किया है। दोनों ही अंग दानदाताओं ने समाज से अंगदान के लिए आगे आने का आव्हान किया है। अनेकों युवा-युवतियों ने अंग दान महादान की संकल्पित हुए हैं। वहीं 77 वर्षीय अरुण देवीक, 82 वर्षीय नामोचंद मोरयानी सहित सभी आयु वर्गों के 101 लोगों ने इस महान दान को जागृत करने में दोनों संस्थाओं का सहयोग किया है।

धर्म लाइव

## कॉलेज स्टूडेंट्स में मिलेट फूड्स को बढ़ावा देने कैफे की शुरुआत



**रायपुर।** देवेंद्र नगर स्थित संत गोबिंदराम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय में मिलेट कैफे शुरू किया गया है।बुधवार को कॉलेज कैंपस में कैफे के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर ने बताया कि कॉलेज कैंपस में लक्ष्मी मिलेट कैफे का उद्घाटन किया गया है। आज के वातावरण एवं दिनचर्या में फास्ट फूड के अति उपयोग के कारण छोटे-छोटे बच्चों में मोटापा बढ़ रहा है। ऐसे में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए मिलेट्स के अधिक उपयोग को बढ़ावा देना है। वैश्विक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मिलेट्स देश के उन्नति एवं सभी के स्वास्थ्य के लिए उत्तम है। वहीं कार्यक्रम के अतिथि डॉ. गजेन्द्र चंद्राकर ने बताया कि हमारे पूर्वज श्रीअन्न के उपयोग एवं महत्ता जानते थे एवं उसका उपयोग करते थे। इसके उत्पादन के लिए कम पानी आवश्यकता होती है और स्वास्थ्य के लिए उत्तम भोजन है।

### मिलेट में छात्राओं को मिलेंगे हेल्दी फूड्स

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. अमिताभ बैनर्जी अपर संचालक उच्च शिक्षा ने विभाग द्वारा इस संदर्भ में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि शासन इसे प्रोत्साहित करने हरसंभव मदद दे रहा है। शताब्दी पांडे ने भी कार्यक्रम की सफलता की कामना करते हुए मिलेट्स के अधिक से अधिक उपयोग के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ. उषाकिरण अग्रवाल द्वारा इस कार्यक्रम के आयोजन की महत्ता बताते हुए इसके सफल होने की कामना की गई।

धर्म लाइव

## तीज महोत्सव, संक्राति, महिला उत्सव का होगा भव्य आयोजन



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में 17 सक्रिय केंद्रों की सदस्यों ने इस वर्ष की कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण के बाद पहली बैठक हुई। जहां महिलाएं ऊर्जा से सराबोर नजर आईं। महिला केंद्रों की ओर से इस वर्ष तीज महोत्सव, संक्रांति, महिला दिवस और महिला उत्सव पर वृहद स्तर पर आयोजन भी किया जाएगा। महिला प्रमुख ने इन चारों बड़े आयोजनों की जिम्मेदारी अलग-अलग महिला केंद्र को दिया। उन्होंने मंडल के नए सदस्य जोड़ने और महाराष्ट्र मंडल को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने की दिशा में काम करने की बात भी सभी महिला सदस्यों से की है। महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने सभी केंद्रों की संयोजिका और सह संयोजिकाओं से कहा कि सभी अपने केंद्रों में प्रत्येक रविवार को बाल संस्कार शिविर लगाएं।

### अलग-अलग महिला केंद्रों को दिया दायित्व

प्रत्येक शनिवार को रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ नियमित रूप से करें। उन्होंने सभी से अपने-अपने केंद्र के वरिष्ठजनों के सम्मान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने सभी से कहा कि प्रत्येक माह होने वाली केंद्रों की बैठक की संपूर्ण जानकारी मंडल मुख्यालय में जरूर दें। तीज महोत्सव, मकर संक्राति, महिला दिवस और महिला उत्सव पर बड़े आयोजन किए जाएंगे। इसके लिए तीज महोत्सव की जिम्मेदारी वल्लभ नगर, सिविल लाइन, अमलीडीह, बूढ़ापारा और तात्यापारा केंद्र की महिलाओं को संयुक्त रूप से दी गई है। वहीं संक्राति के आयोजन की जिम्मेदारी टाटीबंध, सरोना, कोटा और चौबे कालोनी केंद्र को दी गई है।

समाज इवेंट

## एआई के जमाने में विद्यार्थी स्वयं बेहतर भविष्य तय करें



**रायपुर।** महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत व उन्हें महाविद्यालयीन जीवन, शैक्षणिक वातावरण और संस्थान की गतिविधियों से परिचित कराने के उद्देश्य से दीक्षारम्भ-2026 कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रजत बंसल, विशेष सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद दुबे, पूर्व महापौर, सभापति एवं समाजसेवी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री बंसल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाविद्यालयीन जीवन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य की दिशा निर्धारित करने का महत्वपूर्ण चरण है । उन्होंने विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हुए निरंतर सीखने, समय का सदुपयोग करने तथा समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने अपने उद्बोधन में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय में प्रवेश विद्यार्थियों के जीवन की एक नई और महत्वपूर्ण यात्रा का शुभारंभ है।

● श्रावण मास के पहले दिन शिवधाम में उमड़ा भक्तों का सैलाब, महादेवघाट में उल्लास का माहौल

# आस्था में रमे भक्तों ने पूजा-अर्चना और अभिषेक से किया सावन का स्वागत, खारुन तट पर जमे सैलानी

**पवित्र श्रावण मास का पहला दिन गुरुवार से शुरू हुआ। इसके चलते पहले दिन से महादेवघाट स्थित भगवान हाटकेश्वर नाथ सहित सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। खारुन को जलप्रवाह से सराबोर होते निहारने के लिए पहुंचे सैलानियों की वजह से मेले जैसा माहौल बन गया। लोगों ने परिवार के साथ हर हर महादेव और बोल बम का जयघोष करते हुए मंदिर में पहले आस्था अर्पित की। जगह-जगह महादेव का अभिषेक किया गया। भगवान शिव को जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और फूल अर्पित करते हुए सुख-शांति की कामना करने के लिए शिवधाम पहुंचे।**




**रायपुर।** खारुन तट पर स्थित हाटकेश्वर महादेव के श्रीधाम में सावन के पहले दिन पहुंचे सैलानियों को दोहरा लाभ मिला। पहले लोगों ने भगवान के श्रीधाम में पूजा-अर्चना के साथ ही अभिषेक करते हुए पुण्य लाभ लिया। इसके बाद लगातार बारिश के चलते खारुन में बढ़ते जलप्रवाह से उठती कल-कल की आवाजें सुनने और प्रवाह को निहारते हुए सीढ़ियों पर जमे नजर आए। तेज प्रवाह के साथ ही खुद की तस्वीरों को संजोने वाले युवाओं का ग्रुप कुछ ज्यादा ही उत्साही नजर आया। नदी में तेज प्रवाह के चलते नौका विहार का लोगों को भले ही आनंद नहीं मिल रहा, लेकिन यहां सजाए गए बाजार में दिनभर रौनक रही। महंत सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि शाम को फूलों से श्रृंगार के बाद श्रद्धालुओं की उपस्थिति में दिव्य आरती की गई। सावन के पहले ही दिन सामान्य दिनों की अपेक्षा भक्तों की भीड़ ज्यादा रही।

### इन मंदिरों में भक्तों की दिनभर रही आवाजाही

मठपारा स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव, रावांभाठा स्थित बंजारेश्वर महादेव सहित बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों का उत्साह ज्यादा देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने सुबह से ही भगवान महादेव की आस्था के लिए तय पवित्र महीने का स्वागत भक्ति-भाव से किया। सावन में अभिषेक करने का संकल्प लेने वाले लोगों ने भी आगामी दिनों और सोमवार को रहने वाली भीड़ को देखते हुए भोलेनाथ का पहले दिन ही अभिषेक और हवन करते हुए पुण्य अर्जित किया। श्रद्धालुओं का सहयोग करने के लिए पुजारी और कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

### 1100 पार्थिव शिवलिंगों का शिवरुद्र अभिषेक



ब्रह्मलोक आश्रम परसदा में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 1100 पार्थिव शिवलिंगों का शिवरुद्र अभिषेक किया गया। इससे आश्रम परिसर में सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ी। वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, शिव पूजन एवं हवन विधान कराया गया। 1100 पार्थिव शिवलिंगों का जल, दूध, दही, घी, शहद एवं बेलपत्र से अभिषेक किया गया। इससे वातावरण में ओम नमः शिवाय के जयकारे गूंजते रहे। मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया कि पहले दिन मुख्य यजमान के रूप में महेश देवांगन ने परिवार के साथ शिव पूजन एवं आहुति दी। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुबह से दोपहर तक शिवजी का आशीर्वाद लेने भीड़ उमड़ी।

### धर्म प्रचार प्रकोष्ठ ने किया सामूहिक पूजन



श्रावण मास के पहले दिन देवांगन समाज के धर्म प्रचार प्रकोष्ठ द्वारा बुधवारी बाजार के पास स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में प्रदेश की सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए भगवान शिव का विशेष पूजन किया। प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भीखम लाल देवांगन ने बताया कि वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। इसके बाद 108 बेलपत्र अर्पित करते हुए प्रदेश में अच्छी बारिश, किसानों की समृद्धि और प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की गई। इस महीने की गई पूजा से मनोकामना पूर्ण होते हैं। इस अवसर पर भारी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। सभी ने पवित्र महीने के पहले दिन पूजन करते हुए पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## भौंरा, गेड़ी और गिल्ली-डंडा बांटी से सजाया सावन मड़ई





**रायपुर।** सांस्कृतिक विवेकानंद उत्कर्ष परिषद ने पारंपरिक अंदाज में 14वें वर्ष भी सावन के पहले दिन "सावन मड़ई" का आयोजन गुरुवार को शाम 4 से 6 बजे तक अभिनंदन पैलेस में किया। इसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा एवं सावन की लोक-सांस्कृतिक विरासत को विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया। परिषद की अध्यक्ष एवं मनोवैज्ञानिक दीप्ति दुबे ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर, लोक परंपराओं एवं सावन उत्सव की समृद्ध विरासत को लोगों तक पहुंचाना, समाज में सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त बनाना है। इसे आगे बढ़ाते हुए महिलाओं ने पारंपरिक खेल भौंरा, बांटी, गिल्ली-डंडा, गेड़ी के साथ ही रस्सीकूद, खो-खो खेलते हुए जहां बचपन की यादों को ताजा किया और परंपराओं को जीवंत करने का प्रयास किया।





### महिलाओं में उत्साह का माहौल

*महिलाओं ने आयोजन के दौरान एक प्रतिभागी की तरह ही जीतने के लिए हर वह प्रयास किया, जिसे हम बचपन में खेलते समय जीतने के लिए करते थे। गेड़ी चढ़ने के लिए भी महिलाओं में उत्साह देखने को मिला। बांटी खेलते हुए उन्होंने बाजी मारने के लिए निशानची की तरह प्रतिद्वंदी की बांटी पर निशाना लगाया। भौंरा खेलने का अंदाज भी बचपन वाला ही नजर आया। जमीन पर भौंरे को पटकने के बाद नेती के सहारे उसे हथेली पर लेने का प्रयास किया। रस्सीकूद में भी सभी ने बारी-बारी से जोर आजमाते हुए पुरानी यादें साझा कीं।*



## गायत्री शक्तिपीठ में श्रद्धा भक्ति से किया व्यास पूजन

**रायपुर।** गायत्री परिवार की विशिष्ट परंपरा के अनुरूप समता कॉलोनी एवं दावड़ा कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ के साथ ही तेलीबांधा, कुशालपुर, संतोषी नगर, टाटीबंध, कोटा, खमतराई, राजातालाब, बोरियाखुर्द स्थित प्रज्ञापीठ और प्रज्ञा मंडलों में व्यास पूजन एवं यज्ञ किया गया। समता कालोनी कालोनी में दो दिवसीय व्यास पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। परिवार के मीडिया प्रभारी प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि इसके चलते दो दिनों तक महोत्सव का माहौल रहा। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर अपने गुरु के प्रति भी श्रद्धा व्यक्त की। गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्माजी आचार्य, माता भगवती देवी शर्मा के विचारों को आत्मसात किया। परिवार की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा एवं गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस ने बताया कि गायत्री परिवार में व्यासजी की पूजा-अर्चना का पर्व नहीं, बल्कि यह आत्म-परिशोध, स्वाध्याय और युग निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का महापर्व है।

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अन्नप्राशन संस्कार

महोत्सव में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं गुरु चरण पादुका पूजन में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान नए शिष्य के रूप में लोगों ने गुरुदीक्षा लेकर आध्यात्मिक जीवन की शुरुआत की। यज्ञ के दौरान विशेष रुप से विद्यारंभ संस्कार के साथ ही पुंसवन, अन्नप्राशन, संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किए गए। इस गरिमामय आयोजन में प्रमुख रूप से गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी एवं दावड़ा कॉलोनी के ट्रस्टी एवं वरिष्ठ परिजन सदाशिव हथमल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, दीनानाथ शर्मा शामिल हुए। शैलेश वर्मा एवं राजेंद्र स्वर्णकार, सुखदेव देवांगन, पीताम्बर साहू, सीपी साहू, लच्छूराम निषाद, आशीष राय, अमित डोये, ज्योति दावड़ा, साधना काले ने व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली।

चातुर्मास के तहत तप, साधना और धर्म आराधना के आयोजनों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की आस्था

# श्री विमलनाथ जैन मंदिर में होगा 25 उपवास और 9 ब्यासना के साथ 34 दिवसीय निगोद निवारण तप

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** श्री विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट व अद्भुत अनुपम आध्यात्मिक चातुर्मास समिति के तत्वावधान में निर्गोद निवारण तप का आयोजन किया जा रहा है। यह तप 2 अगस्त 2026 से नाकोड़ा भैरव सोसाइटी में सिद्धांत ज्योति महाराजा साहेब के सानिध्य में प्रारंभ होगा। समिति के अनुसार इस तप के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपना नाम दर्ज कराया है। 34 दिन की इस तपस्या में 25 दिन उपवास और 9 दिन ब्यासना होगी। ब्यासना की व्यवस्था चातुर्मास समिति द्वारा श्री हिरसूरी भवन में की जाएगी। निर्गोद निवारण तप में साधक विभिन्न प्रकार के कष्ट सहकर आत्मशुद्धि करते हैं। तप समिति में शरद जी शाह अध्यक्ष तथा हर्ष वैद्य सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। उक्त जानकारी समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रवि डोसी एवं ललित सेठिया ने दी।



### 1 अगस्त से 48 दिवसीय श्री सम्मेद शिखर तप

आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 के अंतर्गत श्री जिनकुशलसूरि जैन दादाबाड़ी में विश्व शांति, सद्भाव और जनकल्याण की कामना के साथ श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से नवकार मंत्र का जाप किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं से आगामी 48 दिवसीय श्री सम्मेद शिखर तप में सहभागी बनने का आव्हान भी किया गया। श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट, रायपुर के तत्वावधान में 1 अगस्त से 18 सितंबर 2026 तक आयोजित होने वाला यह विशेष तप कैवल्यधाम तीर्थ प्रेरिका निपुणा श्रीजी की विदूषी शिष्या एवं प्रवचन प्रभाविका मंजुला श्रीजी के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा।

### मनुष्य जीवन को धर्म, सेवा और सदाचार से बनाएं सार्थक

श्री विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट, एवं अद्भुत अनुपम आध्यात्मिक चातुर्मास समिति के तत्वावधान में गुरुवार को आयोजित चातुर्मास व्याख्यान में साध्वी भगवंत पूज्या सिद्धांत ज्योति जी म.सा. ने मानव जीवन की दुर्लभता, धर्म साधना और आत्मकल्याण के महत्व पर प्रेरणादायी प्रवचन दिया।अपने उद्बोधन में पूज्या सिद्धांत ज्योति जी म.सा. ने कहा कि जिस प्रकार कोई अज्ञानी व्यक्ति चिंतामणि रत्न को साधारण पत्थर समझकर त्याग देता है, उसी प्रकार अनेक लोग दुर्लभ मनुष्य जीवन का महत्व समझे बिना उसे केवल खाने-पीने, सोने और आपसी विवादों में व्यर्थ गंवा देते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य भव अनंत पुण्यों के प्रतिफलस्वरूप प्राप्त होता है और इसका उद्देश्य धर्म साधना, सेवा, सदाचार, आत्मचिंतन तथा आत्मकल्याण करने के लिए है। उन्होंने कहा कि चातुर्मास आत्मपरिवर्तन, स्वाध्याय, तप, त्याग और आध्यात्मिक उन्नति का स्वर्णिम अवसर है। इस काल में यदि व्यक्ति अपने विचार, व्यवहार और आचरण को धर्ममय बनाता है, तो उसका जीवन सफल, सार्थक एवं कल्याणकारी बन सकता है।

पर्व परम्परा

## सावन में हर दिन दीपक जलाने से मिलेंगे अद्भुत लाभ



सावन का महीना लग चुका है और घर में रोजाना दीपक जलाने से वास्तु दोष समाप्त होते हैं। धन, समृद्धि व शांति का वास होता है। साथ ही यह देवी-देवताओं की कृपा पाने का भी सरल माध्यम है। वास्तु और ज्योतिष शास्त्र दोनों ही सावन के दिनों में दीपक जलाने को अत्यंत फलदायी मानते हैं। कहा जाता है कि घर में रोजाना दीपक जलाने से वास्तु दोष समाप्त होते हैं और धन, समृद्धि व शांति का वास होता है। साथ ही यह देवी-देवताओं की कृपा पाने का भी सरल माध्यम है। दीपक जलाने से भगवान शिव और माता पार्वती के साथ पितरों का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है।

### पांच मुखी दीपक जलाएं

ज्योतिष विशेषज्ञों की मानें तो सावन के महीने में रोजाना संध्या काल में भगवान शिव के समक्ष पांच मुख वाला दीपक जलाना अत्यंत शुभ होता है। यदि प्रतिदिन यह संभव न हो, तो कम से कम चारों सोमवारों की शाम को यह उपाय अवश्य करें। इससे न सिर्फ आर्थिक समस्याएं दूर होंगी, बल्कि करियर और व्यवसाय में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।



### ईशान कोण में दीपक जलाएं

वास्तु शास्त्र में उत्तर-पूर्व दिशा (ईशान कोण) को दिव्य शक्तियों का स्थान माना गया है। सावन में इस दिशा में रोजाना दीपक जलाने से भगवान शिव सहित सभी देवी-देवताओं की कृपा मिलती है और पितृदोष भी शांत होता है।

### मुख्य द्वार पर चौमुखी दीपक

सावन में घर के मुख्य द्वार पर सुबह और शाम मिट्टी का चौमुखी दीपक जलाना अत्यंत लाभकारी होता है। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर का वातावरण सकारात्मक रहता है। साथ ही यह माता लक्ष्मी के आगमन का भी संकेत माना जाता है। अगर रोजाना नहीं कर पा रहे हैं, तो कम से कम चार सोमवार को यह उपाय जरूर करें।

### रसोई में दीपक जलाएं

सावन मास में रोज रसोई घर में घी का दीपक जलाना भी शुभ होता है। रसोई को मां अन्नपूर्णा का स्थान माना गया है। यहां दीपक जलाने से घर में अन्न-धन की कभी कमी नहीं होती और सभी सदस्यों के जीवन में तरक्की आती है। यदि रसोई में कोई वास्तु दोष है, तो वह भी इस उपाय से दूर हो सकता है।



तेजी से बढ़ रहा रेनबो डाइट का चलन

# सेहत का खजाना मिलेगा आपको रेनबो डाइट में, इसे अपनाने से पहले जान लें सबकुछ तो मिलेगा फायदा

रोज की भागदौड़ और काम के प्रेशर की वजह से लोगों की शारीरिक और मानसिक सेहत काफी प्रभावित होने लगी है। ऐसे में सही खानपान की मदद से लोग अक्सर खुद को सेहतमंद बनाने की कोशिश करते हैं। स्वस्थ रहने के लिए स्वस्थ आहार का सेवन काफी जरूरी है। ऐसे में अब रेनबो डाइट का चलन ज्यादा बढ़ गया है। स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ आहार बेहद जरूरी है। रेनबो डाइट आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लि फायदेमंद है।

विशेषज्ञ भी लोगों को संतुलित भोजन करने की सलाह देते हैं। शरीर में अच्छे पोषण की कमी से सुस्ती, ऊर्जा की कमी और चिंता महसूस होना आम बात है। हमारे मूड और खाने के लिए बीच गहरा संबंध है। ऐसे में रेनबो डाइट आपके लिए बिल्कुल परफेक्ट साबित होगी।

### रेनबो डाइट क्या है?

रेनबो डाइट वह है, जिसमें लाल, पीले, बैंगनी, हरे, नारंगी आदि विभिन्न रंगों के फल और सब्जियां शामिल होती हैं। इस डाइट का मकसद शरीर में कार्ब्स, ग्लूटेन, वसा या मांस को कम करना है, जो अक्सर बीमारी की वजह बनते हैं। इस डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर फल और सब्जियां होती हैं, जो सेहत को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। साथ ही रेनबो डाइट शरीर



को जरूरी एंटीऑक्सीडेंट और एंटीइंफ्लेमेटरी मॉलिक्यूल्स प्रदान कर करती हैं। इस डाइट में फाइबर की हाई मात्रा होती है, जो पाचन तंत्र के लिए बढ़िया काम कर सकता है और मानसिक स्वास्थ्य सहित आपके पूरे स्वास्थ्य को बेहतर बना सकता है।

### रेनबो डाइट में शामिल खाएं ये फल-सब्जियां

अगर आप रेनबो डाइट फॉलो करना चाहते हैं, तो विभिन्न प्रकार की रंगीन सब्जियों और फलों को खाने का लक्ष्य रखें। ये फूड आइटम्स विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो ब्रेन सेल्स को डैमेज से बचाने में मदद करते हैं और संज्ञानात्मक कार्य का समर्थन करते हैं।



### पत्तेदार सब्जियां

फोलेट से भरपूर पत्तेदार सब्जियां भी इस डाइट का हिस्सा होती हैं, जो न्यूरोट्रांसमीटर प्रोडक्शन और मूड स्टेबिलिटी के लिए महत्वपूर्ण है।

### बेरीज

एंटीऑक्सिडेंट से भरी बेरीज ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाते हैं, जो मूड विकारों में योगदान कर सकता है।

### नारंगी और पीले फूड्स

शकरकंद, गाजर और शिमला मिर्च जैसे फूड आइटम्स को डाइट में शामिल करें। इनमें बीटा-कैरोटीन और विटामिन सी होता है, जो मस्तिष्क के स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा कार्य के लिए फायदेमंद होता है।

### बैंगनी फूड आइटम्स

अंगूर, ब्लैकबेरी और प्लम जैसे बैंगनी फल भी रेनबो डाइट में शामिल होते हैं। इनमें एंथोसायनिन होते हैं, जिनमें एंटीइंफ्लेमेटरी और न्यूरोप्रोटेक्टिव इफेक्ट होते हैं।



### साबुत अनाज

क्विनोआ, ब्राउन चावल और गेहूं जैसे साबुत अनाज को डाइट में शामिल करें। ये अनाज आपको लगातार ऊर्जा प्रदान करते हैं और बेहतर मूड और कॉग्निटिव फंक्शन से जुड़े होते हैं।

### मेवे और बीज

नाश्ते में विभिन्न प्रकार के नट्स और सीड्स जैसे बादाम, अखरोट, चिया बीज और अलसी के बीज खाएं। ये हेल्दी फैट, फाइबर और आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते हैं जो ब्रेन हेल्थ के लिए जरूरी हैं।

मछली, मुर्गी, फलियां और टोफू जैसे लीन प्रोटीन फूड आइटम्स का चयन करें। ये खाद्य पदार्थ अमीनो एसिड प्रदान करते हैं, जो न्यूरोट्रांसमीटर के प्रोडक्शन के लिए आवश्यक हैं।



## धन लाभ और घर की समृद्धि चलकर आएगी गेंदा फूल से

पूजा-पाठ के दौरान गेंदे के फूल का इस्तेमाल विशेष रूप से फलदायी माना जाता है और इससे घर की समृद्धि बनी रहती है। ज्योतिष के अनुसार इस फूल को माता लक्ष्मी का प्रिय फूल माना जाता है जो धन को आकर्षित करता है। हिन्दू धर्म में विभिन्न फूल पत्तियों का अलग महत्व होता है। जिस तरह फूलों को देवी-देवताओं में अर्पित किया जाता है उसी तरह घर की समृद्धि के लिए भी इसके कुछ उपाय आजमाए जा सकते हैं। यही वजह है कि पूजा-पाठ से लेकर सभी तरह के धार्मिक अनुष्ठानों में फूलों का इस्तेमाल जरूर किया जाता है। वैसे तो पूजा-पाठ में कई तरह के फूल शुभ माने जाते हैं, लेकिन गेंदे के फूल का इस्तेमाल सबसे अधिक होता है।

अक्सर आपने देखा होगा कि पूजा या तीज-त्योहारों पर सबसे अधिक गेंदे के फूल का उपयोग किया जाता है। पीला और केसरिया रंग लिए बेहद खूबसूरत दिखने वाला यह फूल भगवान विष्णु और बृहस्पति को अति प्रिय है। वहीं ज्योतिष में गेंदे के फूल के कुछ उपाय भी बताए गए हैं, जो जीवन की कई परेशानियों दूर करने में मदद करते हैं।

### धन लाभ के लिए तिजोरी में रखें गेंदे का फूल

धन लाभ के लिए घर की तिजोरी में लाल कपड़े में कपूर के साथ गेंदे का फूल रखें। ऐसा करने से भगवान श्री विष्णु के साथ धन की देवी मां लक्ष्मी भी बहुत प्रसन्न होती हैं और धीरे-धीरे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होने लगती है। यही नहीं इस उपाय से आपको धन कमाने के नए-नए अवसर भी प्राप्त होते हैं।



### ग्रहों की शांति के लिए करें गेंदे के फूल का ये उपाय

यदि आपकी कुंडली में बृहस्पति ग्रह कमजोर है तो गुरुवार के दिन देव गुरु बृहस्पति और भगवान विष्णु को गेंदे का फूल अर्पित करें। इससे आपका गुरु ग्रह मजबूत होगा। साथ ही जीवन में आ रहीं बाधाएं भी जल्द दूर होंगी।

### वास्तु दोष दूर करने के लिए गेंदे के फूल के उपाय

वास्तु शास्त्र में भी गेंदे के फूल को बहूत चमत्कारी माना गया है। यदि आपके घर में वास्तु दोष है तो घर की उत्तर व पूर्व दिशा में गेंदे का पौधा रखें। इससे घर में सकारात्मक उर्जा आती है और सभी तरह के वास्तु दोष दूर होते हैं।

### सुख समृद्धि के लिए घर में बनाएं गेंदे के फूल की रंगोली

गेंदे के फूलों का इस्तेमाल घर की सजावट में भी किया जाता है। ऐसे में किसी भी शुभ अवसर पर सजावट के साथ ही घर के मुख्य द्वार पर गेंदे के फूलों से रंगोली जरूर बना्एं। गेंदे के फूलों के साथ आम के पत्तों का भी इस्तेमाल रंगोली में करें। इस उपाय से घर में शुभता आती है और समृद्धि बनी रहती है।

### आर्थिक लाभ के लिए मुख्य द्वार पर लगाने गेंदे के फूल का तोरण

गेंदे के पीले फूल को सुख और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। साथ ही ये अपने साथ घर में सकारात्मक ऊर्जा लेकर आते हैं। यदि आप इन फूलों को घर के दरवाजे पर तोरण बनाकर लगाते हैं तो मुख्य द्वार से माता लक्ष्मी का प्रवेश होता है और आर्थिक लाभ मिलते हैं। देवी लक्ष्मी को हिंदू पौराणिक कथाओं में धन और प्रचुरता की देवी माना जाता है। आर्थिक लाभ के लिए देवी लक्ष्मी की मूर्ति या तस्वीर पर ताजे गेंदे के फूल चढ़ाएं।

# जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा में दूसरे और तीसरे दौर में शानदार मुकाबले

**रायपुर**। जिला बैडमिंटन संघ की ओर से जिला मिनी जूनियर व जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता में दूसरे दिन गुरुवार को शानदार मुकाबले हुए। 2 अगस्त तक सप्रे शाला में जारी इस प्रतियोगिता में 11 वर्ष,13 वर्ष व 19 वर्ष आयु समूह बालक/बालिका एकल वर्ग में लगभग 300 बालक-बालिका भाग ले रहे हैं।





उक्त स्पर्धा के आधार पर जिले की मिनी जूनियर व जूनियर बैडमिंटन टीम का गठन किया जाएगा। जो राजनांदगांव में आयोजित जूनियर तथा बिलासपुर में आयोजित मिनी जूनियर राज्य बैडमिंटन स्पर्धा में रायपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

19 वर्ष आयु समूह बालक एकल द्वितीय दौर में मोहम्मद हस्सान ने होमी सवाई को 15-3,15-6, अर्नव सिंह ने मान मनवानी को 15-1,15-10, मयंक साहू ने पुरब बंछोर को 15-5,15-9, ऋषित कोचर ने हिमांशु राठी को 15-7,15-11 से, वंश बावनकर ने विवान यूके को 13-15,15-10,15-10 से, अयानांश अग्रवाल ने दिव्यांश गुप्ता को 15-4,15-7, सौमेश दास ने पवित्र जैन को 15-8,15-5 , काव्य जगवानी ने राजवीर सिंह अजमानी को 15-10,15-9 से, विवान अग्रवाल ने कुंजन सेन को 17-15,15-8 से, वेदांत शिंदे ने अविक पोरवाल को 15-7,15-5 , अविश सिबिश ने ए. अनंत नायडू को 15-3,15-3, सार्थक पुजारा ने अंश मोघे को 15-5,15-2 से, समर्थ सचदेव ने दिव्य कनिया को 15-5,15-7 से, अभिनव अग्रवाल ने धैर्य बैद को 15-6,15-8 , विश्वास वाधवानी ने यश पटेल को 15-2,15-8 से, प्रणव पारख ने स्पर्श गुप्ता को 15-9,15-4 से, अरहान खान ने एकलव्य गुप्ता को 15-11,15-8 से, विवान अग्रवाल ने रणवीर सिंह चावला को 15-7,15-6 से, हर्ष देशपांडे ने अर्जुन शंकर ठाकर को 15-8,15-7 से, दीप पटेल ने आरव बंसिजा को 15-10,15-8 से, हृद्यांश पटेल ने कृषव भटनागर को 15-9,15-3 से, अभिमन्यु सिंह ने स्पर्श बुधवानी को 15-8,15-11 से, अभिरूप बनर्जी ने ऋषभ यादव को 15-1,15-8 से, राहुल निर्मलकर ने उज्ज्वल चावड़ा को 15-8,15-7 से, हिमांशु रामचंदानी ने पार्थ पटेल को 15-8,15-10 से हराया।

11 वर्ष आयु समूह बालक एकल तृतीय दौर में उत्कर्ष ढोलकिया ने शौर्य तलरेजा को 15-4,15-7,आरव जैन ने हरयान श्रीवास्तव 15-9,15-12, पार्थ सुंदरानी ने समर संगई को 15-9,15-9 से, अयान अग्रवाल ने रिदम बजाज को 15-11,15-12 से, आइज खान ने शिवांश भदानी को 15-7,15-5 से, परम बजाज ने ओजस सिंह को, 15-5,15-9 से, जियांश आहूजा ने प्रियांश एब्टा को 15-12,15-9, से, अद्विक अग्रवाल ने शाश्वत दुबे को 15-2,15-8 से , आरुष भूमरकर ने अद्वित शर्मा को 15-3,15-6 से, श्रेहान शर्मा ने सायांश मानिक को 17-15,15-5 से, सक्षम अग्रवाल ने कबीर जसवानी को 15-8,15-17,15-8 से, ह्रियांश राणा ने स्जवंश ठोकने को 15-3,15-4 से, पर्व अग्रवाल ने अद्विक अग्रवाल को 15-6,15-12 से, रुद्राब्श अग्रवाल ने इवान खथुरिया को 15-5,15-2 से, आदित्य चंद्रा ने काव्यांश सिन्हा को 15-10,15-11 से और दर्शिल खोडियार ने वेद कपूर को 15-6,15-6 से हराया।

## मूंग दाल से बनाएं बाजार जैसे कुरकुरे गोलगप्पे



सूजी के गोलगप्पे तो आप बाहर से भी खा सकते हैं, लेकिन अगर आप कुछ डिफरेंट ट्राई करना चाहते हैं तो मूंग की दाल के गोलगप्पे ट्राई करें। यकीन मानिए इन गोलगप्पे का स्वाद इतना स्वादिष्ट होता है कि आप बार-बार बनाना पसंद करेंगे। गोलगप्पे इंडिया के सबसे हेल्दी और फेमस स्ट्रीट फूड में से एक है। इसे आप घर पर भी बनाकर खा सकते हैं और गोलगप्पे को नया फ्लेवर भी दे सकते हैं। इसे चटपटे पानी के साथ भी आराम से सर्व किया जा सकता है। सबसे पहले एक बाउल में मूंग की दाल का आटा और सूजी डालकर अच्छी तरह से मिला लें। फिर बेकिंग सोडा, घी और 1 चम्मच तेल डालकर मिलाएं। हल्के हाथों से पानी डालते हुए सख्त आटा गूंथ लें और कुछ देकर के लिए आटे को रेस्ट करने के लिए रख दें। बेहतर होगा कि आटे को आधे घंटे के लिए गीले कपड़े में लपेटकर रख दें। आधे घंटे बाद हाथों में तेल लगाकर 5 मिनट तक हल्के हाथों से चिकना करें। फिर आटे की हल्के हाथों से लोइयां तैयार करें और हल्के हाथों से दबाकर रोटी की तरह बेल लें। रोटी बेलने के बाद किसी छोटे गिलास से छोटे-छोटे गोलगप्पे तैयार करें। इस दौरान एक कड़ाही में तेल डालकर गर्म करने के लिए रख दें। जब तेल गर्म हो जाए, तब इसमें बेली हुई लोईयां डालकर फ्राई करें। क्रिस्पी होने के बाद एक प्लेट में निकालें और (ऐसे बनाएं कुरकुरे गोलगप्पे और चटपटा पानी) चटपटे पानी के साथ सर्व करें।

# अच्छी सेहत के लिए व्यायाम करना है एक बेहतर विकल्प

हम सभी को पता है कि स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। ऐसे में बहुत से लोगों के मन में सवाल आता है कि एक सप्ताह में कम से कम कितने देर व्यायाम करना चाहिए।

नियमित व्यायाम स्वस्थ जीवन का आधार है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम करने, हृदय रोगों से बचाव और ऊर्जा बढ़ाने में भी मदद करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य स्वास्थ्य संगठनों के दिशानिर्देशों के अनुसार, वयस्कों को सप्ताह में कितनी देर और किस प्रकार का व्यायाम करना चाहिए, यह समझना जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 18-64 वर्ष के वयस्कों को सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम तीव्रता (मॉडरेट इंटेंसिटी) वाले एरोबिक व्यायाम करने चाहिए। इसे सप्ताह में 4-5 दिन में बांटा जा सकता है, जैसे रोजाना 30 मिनट तेज टहलना या साइकिलिंग करना। इसके अलावा, सप्ताह में कम से कम 2 दिन



मांसपेशियों को मजबूत करने वाले व्यायाम, जैसे वेट लिफ्टिंग या बॉडी वेट एक्सरसाइज, करनी चाहिए।

ये व्यायाम हृदय स्वास्थ्य, मांसपेशियों की ताकत और हड्डियों को मजबूत करने में मदद करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, एक वयस्क को एक सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम तीव्रता का एरोबिक व्यायाम, या 75 मिनट तेज़ तीव्रता का व्यायाम करना चाहिए। इसे आप सप्ताह के 4 से 5 दिनों में बांट सकते हैं। व्यायाम के प्रकार और समयमध्यम व्यायामः हफ्ते में 150 मिनट (जैसे रोज़ाना 30 मिनट तेज़ चलना या साइकिल चलाना)। तेज़ व्यायामः हफ्ते में 75 मिनट (जैसे दौड़ना या ज़ोरदार खेल खेलना)।शक्ति वर्धक व्यायामः हफ्ते में कम से कम 2 दिन मांसपेशियों को मज़बूत करने वाले व्यायाम (जैसे पुश-अप्स या वज़न उठाना)। नियमित व्यायाम से हृदय रोग, टाइप-2 मधुमेह, और कुछ कैंसर का जोखिम कम होता है। यह रक्तचाप को नियंत्रित करता है।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टॉम को पसंद नहीं आया था 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' का शुरुआती वर्जन

टॉम हॉलैंड इन दिनों फिल्म 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म भारत में 30 जुलाई को रिलीज हो गई है।



अभिनेता टॉम हॉलैंड की फिल्म 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भारतीय सिनेमाघरों में लग चुकी है। इस फिल्म को लेकर हॉलैंड ने दिलचस्प खुलासा करते हुए कहा कि उन्हें फिल्म का शुरुआती वर्जन पसंद नहीं आया था। उनके को-एक्टर्स भी इससे खास प्रभावित नहीं हुए थे। उन्होंने कहा कि टीम को एमसीयू की इस फिल्म का पहला कट बिल्कुल पसंद नहीं आया, क्योंकि वह फिल्ममेकर्स के ओरिजिनल विजन से बहुत अलग था।

फिल्म शुक्रवार 31 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी। हालांकि, भारत में यह एक दिन पहले सिनेमाघरों में सज चुकी है। टॉम हॉलैंड ने पीटर पार्कर के तौर पर अपनी चौथी सोलो फिल्म की लंबी एडिटिंग प्रोसेस के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि क्रिएटिव टीम के अपने नजरिए पर दोबारा सोचने से पहले, दर्शकों के फीडबैक के आधार पर फिल्म में कुछ बदलाव किए गए थे। डेडलाइन की रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में एक इंटरव्यू में टॉम हॉलैंड ने कहा, 'दिलचस्प बात यह है कि हमने इस फिल्म के कई अलग-अलग कट देखे हैं। एक कट ऐसा भी था, जिसमें फिल्म देखने वाले अलग-अलग लोगों से मिले सुझावों के आधार पर फिल्म में बदलाव किए गए थे'। एक्टर ने आगे कहा कि इस प्रयोग से वैसा नतीजा नहीं मिला जैसा वे चाहते थे। हॉलैंड ने कहा, 'हमने पहला कट देखा और हमें यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। यह बताते हुए कि वह वर्जन पसंद क्यों नहीं आया? एक्टर ने आगे कहा, 'यह पूरी तरह से काम नहीं किया।

### टॉलीवुड

## बेलवाडी मल्लम्मा को जीवंत करेंगी भूमि पेडनेकर, था छत्रपति शिवाजी से नाता



फिल्म 'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' में भूमि पेडनेकर, बेलवाडी मल्लम्मा का किरदार निभाती नजर आएंगी। अभिनेता ऋषभ शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' की तैयारियों में व्यस्त हैं। फिल्म की कास्ट में अब भूमि पेडनेकर का भी नाम जुड़ गया है। एक्ट्रेस फिल्म में बेलवाडी मल्लम्मा का किरदार निभाएंगी।

बेलवाडी मल्लम्मा को रानी मल्लम्मा के नाम से भी जाना जाता था। उनके पिता का नाम राजा मधुलिंगा था। मल्लम्मा का जन्म कर्नाटक के सोधे में 1624 में हुआ था। उन्होंने अपने भाईयों की तरह ही शिक्षा ग्रहण की। इसके साथ ही वह युद्ध नीति में भी निपुण थीं। मल्लम्मा का स्वंयवर बेलावडी के राजा ईशप्रभु के साथ संपन्न हुआ था। इस विवाह के बाद वह बेलवाडी की रानी बनकर वहां का कार्यभार संभालने लगीं। रानी मल्लम्मा ने बेलवाडी राज्य के अंदर महिलाओं को एकत्रित कर एक टुकड़ी बनाई। इस टुकड़ी की महिलाएं युद्ध नीति में पारंगत थीं, जिसका प्रशिक्षण उन्होंने मल्लम्मा से ही लिया था। इस महिला सेना में 5000 से भी ज्यादा महिलाएं शामिल थीं। इसके साथ ही यह भारतीय इतिहास की सबसे पहली महिला सैन्य टुकड़ी भी थी।

एक वक्त था जब शिवाजी महाराज छोटी-छोटी रियासतें जीतकर बेलवाडी पहुंचने वाले थे। राजा ईशप्रभु, छत्रपति के बहुत बड़े प्रशंसक थे। मगर रास्ते में शिवाजी महाराज की सेना और बेलवाडी के किसानों के बीच झड़प हो गई। इसके बाद छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना और ईशप्रभु की सेना आमने-सामने खड़ी हो गईं।

### भोजपुरी

## घर में आई 'सास की सौतन' और बेटे की नहीं हो रही शादी



यदि आप भी भोजपुरी में एक बेहतरीन कॉमेडी फिल्म देखने की चाह रखते हैं तो स्मृति सिन्हा, ऋतेश उपाध्याय, पाखी हेगड़े और रक्षा गुप्ता की नई रिलीज 'सास की सौतन' आपके लिए है। फिल्म यूट्यूब पर रिलीज हुई है और महज 3 दिनों में इसे 52 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। भोजपुरी सिनेमा में पारिवारिक ताना-बाना पर रची गई एक बड़ी मजेदार फिल्म है 'सास की सौतन', जिसमें भरदम ड्रामा और कॉमेडी है। भोजवुड की दिग्गज एक्ट्रेस स्मृति सिन्हा के साथ फिल्म में रितेश उपाध्याय, रक्षा गुप्ता और पाखी हेगड़े भी हैं। एक परिवार के नोंकझोंक और पिता के अजीब कारनामों से सजी यह फिल्म बीते 25 जुलाई को यूट्यूब पर रिलीज हुई है। मजेदार बात यह है कि महज 3 दिनों में फिल्म को 52 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। फिल्म की निर्माता शर्मिला आर सिंह हैं और इसे बीते शनिवार 25 जुलाई यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।

फिल्म की शुरुआत एक ऐसे लड़के (रितेश उपाध्याय) से होती है, जिसकी शादी नहीं हो रही है। दो बार रिश्ता टूट चुका है। इसकी तमाम परेशानियों के बीच एक बड़ी चिंता उसके पिता की अजीब हरकते हैं। गलत आचरण और मनचले जैसी हरकतों के कारण पूरे गांव में इसकी चर्चा है। लेकिन जैसे-जैसे बेटे का विवाह होता है। घर में एक नई नवेली दुल्हन आती है। लेकिन इससे पहले कि यह नई दुल्हन घर में पैर पसार पाती, कहानी में एक नया ट्विस्ट आ जाता है।

लाइफ स्टाइल



### फैशनेबल खिलाड़ी

खिलाड़ियों के लिए फ़ैशन में बेहतरीन परफ़ॉर्मेंस और कैज़ुअल स्ट्रीटवियर का मेल होता है। इसमें आराम, आरामदायक फ़िट और खास एथलेटिक लुक पर ध्यान दिया जाता है। स्टाइल के मुख्य विकल्पों में पसीना सोखने वाले एक्टिववियर, अच्छी तरह से फिट होने वाले कैज़ुअल लेयर्स और आकर्षक स्नीकर्स शामिल हैं। एक्टिव और ट्रेनिंग वियर फ़ंक्शनल होते हैं।

## हाथों की उंगलियां रहती हैं बहुत ज्यादा ड्राई, तो करें ये उपाय

बारिश के इस मौसम में भी ड्राइ स्किन और उंगलियों की समस्या हो सकती है। ऐसा तब होता है, जब हम कम पानी पीते हैं या शरीर में पानी की कमी होने लगती है। ऐसे में आप दिन में तीन से चार लीटर पानी पिएं। इससे ड्राईनेस की सभी समस्याओं से निजात मिल सकती है। हाथ और उंगलियों की घी, मक्खन या बटरसे मालिश करें। घी में चीजों को चिकना करने के गुण होते हैं, ऐसे में रात में सोने से पहले हाथ और उंगलियों में घी से मालिश करें। जैतून के तेल को नेचुरल मॉइस्चराइजर कहा जाता है।

इसे अपनी उंगलियों पर थोड़ी मात्रा में लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। आप चाहें तो इसमें थोड़ा शहद भी मिलाएं इससे बेहतर रिजल्ट मिलेगा। ओटमील को पहले गर्म पानी में भिगोकर पेस्ट बना लें और इसे उंगलियों पर लगाकर 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। इससे उंगलियों की ड्राईनेसतो दूर होगी ही साथ ही, स्किन रिपेयर भी होगी। यदि आप ज्यादा कपड़े धोती हैं, बर्तन धोती हैं या पानी के संपर्क में ज्यादा देर तक रहती हैं, तो अपने हाथों को ड्राईनेस से बचाने के लिए ग्लव्स पहनकर काम करें। इसके अलावा हार्ड डिटर्जेंट और पाउडर के इस्तेमाल से बचें। हार्ड डिटर्जेंट और सोप आपके हाथ और उंगलियों को ड्राई करते हैं। हाथों की उंगलियों का सूखापन दूर करने के लिए आप नारियल का तेल, एलोवेरा जेल और ग्लिसरीन का उपयोग कर सकते हैं। यह बहुत आसान और असरदार उपाय हैं।

रात को सोने से पहले उंगलियों पर शुद्ध नारियल तेल लगाएं और हल्की मालिश करें। दिन में दो बार ताजा एलोवेरा जेल उंगलियों पर लगाएं और सूखने दें। ग्लिसरीन में कुछ बूंदें नींबू के रस की मिलाकर उंगलियों पर लगाएं। गर्म पानी से बचावः बर्तन धोते समय या ज्यादा देर पानी में



काम करते समय हाथों में दस्ताने पहनें। दिन में कई बार अच्छी क्वालिटी की हैंड क्रीम या मॉइश्चराइज़र लगाएं।

## सावन में सिर्फ हरा नहीं, इन रंगों को भी आजमाएं



सावन में हरे रंग के अलावा पीला, सफेद, गुलाबी, नारंगी और लैवेंडर जैसे रंग भी आपके लुक को खास बना सकते हैं। ये रंग न सिर्फ फैशन ट्रेंड में हैं, बल्कि पूजा, तीज, सावन सोमवार और पारिवारिक आयोजनों के लिए भी बेहतरीन विकल्प माने जाते हैं।




सावन का महीना आते ही चारों ओर हरियाली, रिमझिम बारिश और त्योहारों की रौनक देखने को मिलती है। इस दौरान महिलाएं और युवतियां खासतौर पर हरे रंग के कपड़े, चूड़ियां और मेहंदी पहनना पसंद करती हैं, क्योंकि हरा रंग सावन, प्रकृति और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। हालांकि, बदलते फैशन ट्रेंड में अब सिर्फ हरे रंग तक सीमित रहना जरूरी नहीं है। अगर आप इस सावन कुछ नया और स्टाइलिश ट्राई करना चाहती हैं, तो हरे के साथ कई ऐसे रंग भी हैं जो आपके एथनिक और फ्यूजन लुक को बेहद आकर्षक बना सकते हैं। आजकल फैशन में रंगों का सही संयोजन सबसे ज्यादा मायने रखता है। पेस्टल शेड्स से लेकर ब्राइट टोन और अर्थी कलर्स तक, हर रंग आपकी पर्सनैलिटी को अलग अंदाज देता है। चाहे हरियाली तीज हो, सावन सोमवार की पूजा, कांवड़ यात्रा, पारिवारिक समारोह या दोस्तों के साथ आउटिंग, सही रंग का चुनाव आपके पूरे लुक को निखार सकता है। अगर आप हर साल एक जैसा हरा सूट या साड़ी पहनकर बोर हो चुकी हैं, तो इस बार अपने वॉर्डरोब में कुछ नए रंग शामिल करें। ये रंग न सिर्फ आपको ट्रेंडी लुक देंगे, बल्कि सावन के मौसम की खूबसूरती के साथ भी बेहतरीन तालमेल बिठाएंगे। आइए जानते हैं ऐसे 5 रंगों के बारे में, जो इस सावन आपके फैशन स्टाइल को एक नया ट्विस्ट देंगे।



## झाइयों को कम करने के लिए घरेलू उपाय आएंगे काम

आमतौर पर माना जाता है कि धूप में ज्यादा देर तक बाहर रहने के कारण उम्र के बढ़ने से पहले ही चेहरे पर झाइयां आने लगती है। लेकिन ऐसा बारिश के मौसम में भी संभव है। चेहरे पर झाइयां (पिगमेंटेशन) त्वचा में 'मेलानिन' नामक पिगमेंट के जरूरत से ज्यादा बनने के कारण होती हैं। इसके मुख्य कारणों में सूरज की तेज धूप (यूवी किरणें), हार्मोन में बदलाव और खराब क्वालिटी के केमिकल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल शामिल है। बिना सुरक्षा के धूप में रहने से त्वचा मेलानिन ज्यादा बनाती है, जिससे भूरे या काले धब्बे उभर आते हैं। गर्भावस्था, थायराइड या गर्भनिरोधक गोलियों के सेवन से भी हॉर्मोन असंतुलन के कारण झाइयां हो सकती हैं। चेहरे पर तेज केमिकल, गलत क्रीम या ब्लीच का अधिक उपयोग त्वचा को नुकसान पहुंचाता है। परिवार में यह समस्या होने पर बच्चों में भी इसके होने की संभावना रहती है। शरीर में विटामिन सी, ई या आयरन की कमी से भी त्वचा कमजोर होती है। एक स्टडी में बताया गया है कि त्वचा को नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद



बेहद फायदेमंद होता है। बता दें कि शहद चेहरे में मौजूद पोर्स साफ करने में मदद करता है। चेहरे की त्वचा को मुलायम रखने में शहद बेहद मददगार साबित होता है। इसके अलावा यह स्किन को मॉइस्चराइज करने के लिए मदद करता है। कच्चा दूध आपकी त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन-ए होता है। बता दें कि कच्चा दूध त्वचा को नमी देने का काम भी करता है। झाइयों को कम करने के लिए सबसे पहले एक बाउल में 2 से 3 चम्मच शहद मिला लें। इसमें अब करीब 1 चम्मच कच्चे दूध की डालें।

## नाखूनों की खूबसूरती बनाए रखने एक्सपर्ट की टिप्स को करें फॉलो

नाखूनों को खूबसूरत बनाने के लिए अकी बातों का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको नाखूनों के आस-पास की स्किन की भी उतनी ही अच्छे तरीके से देखभाल करनी चाहिए। लगातार नाखूनों की सही तरीके से देखभाल करने से आपके नेल्स साफ-सुथरे और मजबूत नजर आने लगेंगे। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे खास और आसान टिप्स बताने वाले हैं जिनकी सहायता लेकर आप आसानी से अपने नाखूनों की देखभाल कर सकते हैं।

मैनीक्योर और पेडीक्योर कब करवाना चाहिए?

अगर आप चाहती हैं कि आपके नाखून हमेशा मजबूत और साफ रहें तो हफ्ते में कम से कम 1 बार तक आपको नेल केयर रूटीन पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए आप घरेलू चीजों की सहायता भी ले सकती हैं। इसके लिए आप गुलाब जल, संतरे, बेसन जैसी कई चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### कैसे करें नाखूनों की देखभाल?

सबसे पहले एक बाउल में हल्के गुनगुने पानी को डालें। इसमें अपने हाथों की उंगलियों को कम से कम



2 से 4 मिनट तक डूबोकर रखें। इसके बाद टूथब्रश की मदद से नाखूनों को अच्छी से साफ कर लें। ध्यान रहे कि इसके लिए आप हाथों के दबाव को कम से कम ही रखें। अब क्यूटीक्लस की देखभाल करना भी बेहद जरूरी होता है। इस दौरान क्यूटीक्लस को काटे नहीं, बल्कि इन्हें कॉटन की मदद से अंदर की तरफ दबा लें ताकि नाखून मजबूत रहे।इसके बाद आप हाथों को साफ करके हैण्ड क्रीम का इस्तेमाल करें।ऐसा इसलिए क्योंकि गुनगुने पानी में रहने के कारण हाथों की त्वचा ड्राई हो जाती है।


कार्नर न्यूज

### नो मेकअप लुक सही तरीके से कैरी करना जरूरी

## नई पीढ़ी की पसंद बन गया है नो मेकअप लुक ट्राई करने से पहले रखें इन बातों का ध्यान

एक समय था, जब हर उम्र की महिला काफी हैवी मेकअप करना पसंद करती थी। डार्क आईलाइनर, डार्क लिपस्टिक और हैवी फाउंडेशन तो जैसे हर महिला की पहली पसंद था लेकिन अब जैसे-जैसे समय बदल रहा है, वैसे-वैसे महिलाओं की पसंद भी बदलती जा रही है। अब महिलाएं हैवी मेकअप की जगह नो मेकअप लुक को कैरी करना ज्यादा पसंद करती हैं। नो मेकअप लुक कैरी करने स ना सिर्फ चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगते हैं, साथ ही में ये हर कार्यक्रम के लिए परफेक्ट भी होता है।

नो मेकअप लुक कैरी करना पसंद तो हर किसी को होता है, पर इसे सही तरीके से कैरी करना कैसे है, ये हर किसी को नहीं पता होता। ऐसे में अगर आप भी नो मेकअप लुक पसंद करती हैं, तो ये लेख आपके लिए है। आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी बातों के बारे में बताएंगे, जिनका ध्यान आपको नो मेकअप लुक कैरी करते वक्त रखना है।



### फाउंडेशन से बनाएं दूरी

अगर आप नो मेकअप लुक कैरी करना चाह रही हैं तो फाउंडेशन से दूरी बना लें। दरअसल, फाउंडेशन लगाने क बाद इसकी मोटी लेयर अलग से दिख जाती है, जो आपके नो मेकअप लुक को खराब कर सकती है।

### करें कंसीलर इस्तेमाल

फाउंडेशन की बजाय आप कंसीलर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके इस्तेमाल से आपके चेहरे के दाग-धब्बे छिप जाएंगे और पता भी नहीं लगेगा कि आपने चेहरे पर कुछ लगाया है।

### जरूर लगाएं प्राइमर

नो मेकअप लुक में भी प्राइमर काफी जरूरी होता है। प्राइमर लगाने से स्किन ग्लो करती है। इसे लगाते वक्त ध्यान रखें कि इसकी लेयर ज्यादा मोटी ना होने पाए।

### गालों पर लगाएं हल्का सा ब्लश

अपने नो मेकअप लुक को पूरा करने के लिए हल्के रंग का ब्लश लगाएं। ध्यान रखें कि इसकी मात्रा ज्यादा ना हो। नो मेकअप लुक में हल्का सा ब्लश काफी रहता है।

### काजल है जरूरी

अगर आप नो मेकअप लुक में काजल लगाएंगी तो इससे आपकी आंखों की सुंदरता कई गुना बढ़ जाएगी। वरना आंखें सूजी-सूजी दिखाई देंगी।



### न्यूड लिपस्टिक को दें प्राथमिकता

नो मेकअप लुक में न्यूड लिपस्टिक की काफी अहम भूमिका होती है। आप चाहें तो लाइट पिंक रंग का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।